

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 25 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-057 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112








# बारूद फैक्ट्री में विस्फोट,4 की मौत

बेमेतरा,25 मई

बेरला ब्लॉक के ग्राम पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड की बारूद फैक्ट्री में आज सुबह 8 बजे ब्लास्ट हो गया, जिसमें 8-10 लोगों के मारे जाने और 10-12 लोगों के घायल होने की खबर है.जिलाधीश रणवीर शर्मा ने बताया है कि चार लोगों की मौत हुई है जबकि 7 घायल हुए हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर है। 6 घायलों को अंबेडकर अस्पताल में तथा एक को एम्स में भर्ती कराया गया है।बताया जाता है कि ब्लास्ट के प्रभाव में आए लोगों के चिथड़े उड़ गए. मांस के टुकड़े दूर तक फैल गए हैं. ब्लॉस्ट का असर फैक्ट्री के कई किलोमीटर दूर तक महसूस किया गया. वहीं फैक्ट्री के आसपास स्थित कई मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है.घटना की जानकारी मिलते ही बेरला ब्लॉक की जिला प्रशासन की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है. फैक्ट्री में ब्लास्ट की आवाज से आस-पास के गांव के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए हैं. भाजपा नेता योगेश तिवारी ने मौके से बताया कि धमाके के बाद कांक्रीट का भवन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। 6-7 लोग अभी भी लापता हैं। तिवारी ने घायलों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं होने देने की बात कही है। बताया जाता है कि यह फैक्ट्री संजय चौधरी की है। जो राजनीतिक प्रभाव वाले हैं।

### सीएम साय व रमन सिंह ने जताया दुख

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट को लेकर दुःख व्यक्त किया है। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिसकी सतत निगरानी की जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी ट्वीट कर संवेदना जताई है। उन्होंने लिखा कि, बेमेतरा के ग्राम पिरदा स्थित बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट की दुःखद घटना का समाचार मिला।



**देर से शुरू हुआ राहत कार्य,ग्रामीण भड़के-** बताया जाता है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा तीन घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचे. वहीं 4 घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची. इसको लेकर ग्रामीण भड़क गये थे।बारूद फैक्ट्री में विस्फोट की आवाज 5-6 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी. विस्फोट की वजह से प्लांट का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है,घटना के दो घंटे बाद भी मलबा हटाने का काम तक शुरू नहीं हुआ था।

### सीएम साय का ऐलान - हादसे की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**जान गंवाने और घायल मजदूरों को मिलेगा मुआवजा**

रायपुर। बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर छत्तीसगढ़ सरकार ने दंडाधिकारी जांच का आदेश दिया है. इसके साथ ही हादसे में मृत और घायल मजदूरों के लिए मुआवजे की घोषणा की है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर हादसे में मृत मजदूरों के परिजनों को पांच लाख रुपए एवं घायलों को पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है. इसके साथ ही घायलों को समुचित इलाज के लिए रायपुर लाए जाने के साथ मौके पर राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी की जानकारी दी है.

## संक्षेप

### जब डिप्टी सीएम ने अचानक रुकवा दिया काफिला

**कवर्धा,25 मई।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा अपने एक दिवसीय रेंगाखार प्रवास पर जा रहे थे । रास्ते मे बिजली खंभे को ट्रैक्टर से रोड में घसीटते हुए ले जा रहे थे जिससे पूरा रोड खराब हो रहा था जिसको देखते ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने अपना काफिला रुकवा कर ठेकेदारों के कर्मचारियों से बात चीत की और बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर निर्देशित किया अपने सुविधा के लिए सड़कों को नुकसान पहुंचाते हुए इस तरह खम्बे का परिवहन उचित नही है । भविष्य में विभाग ध्यान रखे खम्भे का परिवहन उचित साधन से करे व नए बिजली पोल जहाँ भी लगाए जा रहे है उसकी मजबूती का ध्यान रखे बारबार खम्भे के हिलने गिरने की समस्या से बिजली बाधित नही होना चाहिए । जो भी कार्य है गुणवत्तापूर्ण होना सुनिश्चित करें ।

### आज से 2 जून तक नौतपा

**रायपुर.** हर साल ज्येष्ठ माह में नौ दिन ऐसे होते हैं. जिसमें भीषण गर्मी पड़ती है, इन्हें नौतपा के नाम से जाना जाता है. ज्योतिषियों के अनुसार,आज से नौतपा शुरू हो गया है। ये दो जून तक रहेगा. गर्मी के लिहाज से ये नौ दिन बेहद खतरनाक होते हैं. ज्येष्ठ महीने की शुरुआत में सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, इसके साथ ही नौतपा शुरू हो जाता है. इस बार सूर्यदेव 25 मई को सुबह 3.16 बजे पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और उसके बाद दो जून को सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नौतपा की अवधि 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगी. नौतपा में सूर्य से धरती तपने लगती है, सूर्य आग उगलते प्रतीत होते हैं और जल स्वतः खौलने लगता है. ज्योतिषी पंचांग नौतपा के दौरान इस बार भीषण गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी कर रहे हैं. यदि नौतपा के सभी दिन पूरे रहे तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है.

### भाई की सड़क हादसे में मौत, 2 गंभीर

**बालोद,25 मई।** भाई को रेलवे स्टेशन लेने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई वहीं, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा दल्लीराजहरा के चिखलकसा घोठिया मार्ग के पास हुआ. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक तीन युवकों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर पलट गई. इस हादसे में 17 वर्षीय योगेश कुमार पिता गेंदलाल खुरस्याम की मौके पर मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक घोठिया निवासी टीचर देवेंद्र ठाकुर जो भाजपा नेत्री अनिता कुमेटी का देवर है, उसका पुत्र यश ठाकुर जो रायपुर से अपने घर आने ट्रेन से आ रहा था और ट्रेन से दल्लीराजहरा पहुंचा था इसको लेने देवेंद्र कुमेटी की कार लेकर 3 युवक दल्लीराजहरा जा रहे थे रास्ते में अनियंत्रित हो गई. कार पेड़ से टकरा कर पलट गई और घटना में योगेश कुमार पिता गेंदलाल खुरस्याम ने मौके में दम तोड़ दिया.

### क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और पत्नी नताशा का हुआ तलाक

**मुंबई 25 मई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ इन दिनों कुछ खास नहीं चल रही है। उनकी टीम पहली ही आईपीएल से बाहर हो चुकी है। अब खबर आ रही है कि स्टार ऑलराउंडर और उनकी पत्नी नताशा स्टेनकोविच के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, फिल्म अभिनेत्री और हार्दिक की पत्नी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सरनेम हटा दिया है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं रहा।

पांड्या और नताशा काफी वक्त से साथ नहीं दिखे. इन दोनों इंस्टाग्राम पर आखिरी बार 14 फरवरी को फोटो शेयर की थी. हालांकि इसके बाद एक फंक्शन के वीडियो में दोनों साथ दिखे थे. लेकिन अब तलाक की खबरों ने तूल पकड़ लिया है.

## राष्ट्रपति समेत कई मंत्रियों ने किया मतदान

**नई दिल्ली,25 मई।** झुलसाने वाली गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी 7 और एनसीआर की 2 सीटों के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं. दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर 1.52 करोड़ से अधिक मतदाता 13637 बूथों पर अपनी पसंद का सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे. इसके लिए एक लाख तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों को मतदान कार्य में लगाया है. चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए हैं. ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही दिल्ली में 60 हजार से अधिक सुरक्षा बलों को लगाया गया है. मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगा. दिल्ली की मंत्री और 'आप' नेता आतिशी ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अपना वोट डाला. मतदान करने के बाद



आतिशी ने कहा कि हमें आधिकारिक जानकारी मिली है कि कल शाम एलजी ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों की बैठक बुलाई थी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए गए थे कि जो भी इलाके इंडिया गठबंधन का गढ़ हैं, वहां वोटिंग धीमी कराई जाए .अगर ऐसा होता है तो यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का उल्लंघन होगा. इसलिए हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान लेगा.दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोकसभा चुनाव के लिए अपना मतदान किया. हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ फरीदाबाद सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया. पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला. वोटिंग के बाद गौतम गंभीर ने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि सभी को बाहर आना चाहिए और बड़ी संख्या में मतदान करना चाहिए. यह हमारी शक्ति है, यह हमारा लोकतंत्र है. सरकार ने पिछले 10 वर्षों में विकास के लिए काम किया है.

## बिना वोट डाले बूथ से वापस लौट गए विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली,25 मई।** दिल्ली से हैरान कर देना वाला मामला सामने आया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर बिना वोट डाले वापस लौट गए। जयशंकर दिल्ली में 20 मिनट तक लाइन में लगे रहे। बाद में पता चला कि वोटिंग लिस्ट में उनका नाम ही नहीं है। जयशंकर तुगलक लेन के अटल आदर्श विद्यालय में अपनी पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे थे। मगर दोनों का नाम सूची में नहीं था। इसके कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर मतदान किए बिना वापस लौट गए। हालांकि बाद में पता चला कि जिस बूथ पर वो गए हैं, वो उनका मतदान स्थल नहीं है। इसके बाद विदेश मंत्री पत्नी के साथ अपने बूथ पर पहुंचे और वहां उन्होंने पत्नी के साथ जाकर वोट डाला। उन्हें इस बूथ पर फर्स्ट वोटर का सर्टिफिकेट मिला. उन्होंने कहा कि हमने अभी वोट किया है। हम चाहते हैं कि भारी संख्या में आज मतदान हो क्योंकि यह देश के लिए एक बहुत बड़े निर्णय का समय है।



### कांग्रेस को 85-100 सीटें मिलेंगी

## योगेन्द्र यादव ने भी माना आएंगे तो नरेन्द्र मोदी ही

**नई दिल्ली,25 मई।** प्रशांत किशोर और अमेरिकी चुनाव विशेषज्ञ इयान ब्रेमर के बाद, चुनाव विशेषज्ञ से नेता बने योगेन्द्र यादव ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना आंकलन किया है। योगेंद्र यादव ने अनुमान जताया है की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक और आम चुनाव जीतने वाली है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी की चुनावी वापसी की उम्मीद धूमिल हो जाएगी। हालाँकि, यादव के अनुसार, मौजूदा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के लिए उम्मीद की किरण होगी। इसकी सीटों की संख्या 100 तक पहुंच सकती है। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपनी भविष्यवाणी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेल रहे किशोर ने यादव की सीट के पूर्वानुमान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यादव के अनुसार, भाजपा 240-260 सीटें और उसके सहयोगी 34-45 सीटें जीतेंगे - जिसका मतलब है कि एनडीए की कुल सीटें 275 और 305 के बीच हो सकती हैं। प्रशांत किशोर ने एक्स पर लिखा कि देश में चुनाव और सामाजिक राजनीतिक विषयों की समझ रखने वालों में एक विश्वसनीय चेहरा योगेंद्र यादव जी ने लोकसभा चुनाव का अपना ÷फ़ाइनल आकलन÷ साझा किया है। योगेन्द्र जी के मुताबिक इन चुनावों में बीजेपी को 240-260 और एनडीए की साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब बीजेपी / एनडीए को 275-305 सीटें। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और वर्तमान में बीजेपी / एनडीए की 303/323 सीटें हैं। अब खुद आकलन कर लीजिए कि किसकी सरकार बन रही हैं। बाक़ी 4 जून को पता चल जाएगा कि कौन किसकी बात कर रहा है।



## बिहार में राजद के लालटेन ने सिर्फ अंधेरा ही फैलाया : मोदी

**पटना,25 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के पाटलिपुत्र में अपना चुनाव अभियान शुरू किया है। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपना ध्यान 1 जून (शनिवार) को सातवें और अंतिम चरण के मतदान वाली सीटों पर केंद्रित कर दिया है। बिहार में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव मोदी के बीच है, जो भारत को मजबूत बनाने के लिए 24×7 काम करते हैं और इंडी ब्लॉक जिसके पास कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजे क्या आने वाले हैं, उसका एग्जिट पोल आना शुरू हो गया है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप समझ लीजिए, जब ये इंडी गठबंधन वाले हर समय ईवीएम को गाली देना शुरू कर दें, इसका मतलब है कि एनडीए की सफलता का एग्जिट पोल आ चुका है। 4 जून को पाटलिपुत्र में भी और देश में भी नया रिकॉर्ड बनेगा। उन्होंने कहा कि 2024 के इस चुनाव में एक तरफ24 घंटे आपके लिए मेहनत करने वाला मोदी है। दूसरी तरफ24 घन्टे आपसे झूठ बोलने वाला इंडी गठबंधन है। एक तरफमोदी है जो 24×7 2047 तक विकसित भारत बनाने में



जुटा है, जो 20×7 आत्मनिर्भर भारत बनाने में जुटा है। वहीं दूसरी तरफये इंडी गठबंधन है, जिसके पास कोई काम नहीं है, देशवासियों ने इनकी छुट्टी कर दी है। इसलिए ये इंडी गठबंधन दिन-रात मोदी को गाली देने में जुटा है। लालू यादव और राजद पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि एलईडी बल्ब के जमाने में... यहां बिहार में एक लालटेन भी है। एक ऐसी लालटेन जो सिर्फएक ही घर में रौशनी करती है। बिहार में इस लालटेन ने अंधेरा ही अंधेरा फैलाया है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश का पीएम चुनने के लिए है। अब आपका वोट इतना वजनदार है कि अब आपका वोट पीएम चुनने वाला है। भारत को कैसा पीएम चाहिये? भारत को ऐसा पीएम चाहिए जो इस दमदार देश का दम दुनिया के सामने रख सके। वहीं दूसरी ओर ये इंडी वाले हैं। इंडी गठबंधन की योजना 5 साल में 5 पीएम देने की है। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि ये इंडी गठबंधन के लोग घोर सांप्रदायिक हैं। घोर जातिवादी हैं। घोर परिवारवादी हैं। ये सबसे पहले अपने परिवार का ही सोचते हैं, बाकी सबको पीछे रखते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की इस धरती ने सामाजिक न्याय को लेकर पूरे देश को दिशा दिखाई है। एस-एसटी-ओबीसी के आरक्षण के अधिकार के लिए बिहार में लंबी लड़ाई लड़ी है। लेकिन आज बिहार के जागरूक लोगों के सामने में दुख और बड़ी पीड़ा के साथ एक कड़वा सच रख रहा हूं।

## पीडिया मुठभेड़ में मारे गये लोग नक्सली नहीं थे : कांग्रेस

रायपुर,25 मई

पत्रकारो से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर के पीडिया में विगत दिनों सुरक्षा बलो एवं नक्सलियो के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई थी। 10 मई 2023 को हुये इस मुठभेड़ में 12 लोगो की मौत हुई थी तथा इस घटना में 6 लोग घायल हुये, जिसके संबंध में पुलिस का दावा था कि मारे गये सभी लोग नक्सली थे। लेकिन घटना के बाद ग्राम पीडिया और ईतवार के ग्रामीणों का कहना है कि घटना में मारे गये सभी लोग नक्सली नहीं थे। ग्रामीणों के इस दावे के बाद प्रदेश कांग्रेस ने घटना की वस्तुस्थिति जानने एक जांच दल का गठन किया था जो मौके पर गई तथा ग्रामीणों से बात-चीत कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया। दिनांक 16.05.2024 दिन गुरुवार को जांच दल प्रातः 10:00 बजे बीजापुर से पीडिया के लिए संयोजक संतराम नेताम, सदस्यगण मान. विधायक इन्द्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकलाल ध्रुव, श्रीमती सावित्री मंडावी, रजनू नेताम, शंकर कुडियम एवं छविन्द्र कर्मा रवाना




हुए। अस्वस्थ होने के कारण पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा जांच दल में शामिल नहीं हो पाई। पीड़ित परिवार के परिजन श्रीमती सुक्की कुंजाम, कु. ललिता, श्रीमती अवलम समली, बुधरू राम बारसे, श्रीमती पोदिया, श्रीमती बोदे से अलग-अलग पुछताछ कर ब्यान लिया गया जिन्हांने अपने ब्यान में बताया कि पीडिया नक्सली मुठभेड़ में मल्लेपल्ली निवासी बुधू ओयाम, पालनार निवासी कल्लू पुनेम, ईतावार निवासी-लक्खे कुजाम, उण्डा छोटू, उरसा छोटू सुक्कू ताती, चैतु कुंजाम, सुनीता कुजाम, क जागो बरसी, पीडिया निवासी सन्नु अवलम, भीमा ओयाम, दुला तामो को पुलिस ने नक्सली बताकर मार दिये। ईत्तावार निवासी कु. कुंजाम गुल्ली, कु. लेखा देवी, कुंजाम जिला, कुंजाम बदरू एवं पीडिया निवासी पोयाम नन्दू को घायल होना बताये। उन्होने यह भी बताया गया है कि मृतक मल्लेपल्ली निवासी बुधू ओयाम एवं पालनार निवासी कल्लू पूनेम नक्सली गतिविधियों में संगम सदस्य के रूप में कार्य करते थे। बाकि शेष मृतक व घायल किसी भी प्रकार के नक्सली गतिविधियों में शामिल नहीं थे। पुलिस निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर ईनाम एवं प्रमोशन लेने के लिए घटना को अंजाम दिये है घटना का न्यायिक जांच होना चाहिए।

## डिज्नीलैंड में 3 की मौत

**कोरबा,25 मई।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में डिज्नीलैंड मेला लगा हुआ है. इस मेले में उत्तर प्रदेश के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई. फूड पाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है. घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी स्थित डिज्नीलैंड मेले की है. मृतकों की पहचान 12 वर्षीय सोहेल खान, 28 वर्षीय अनिल कुमार पांडे और 21 वर्षीय समीर खान के रूप में हुई है. तीनों मृतक उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं. इस घटना के बाद हड़कप मच गया है. तीनों के शवों को जिला मेडिकल कॉलेज में रखा गया है. फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है. इसकी सूचना पुलिस को दी गई.


डिज्नीलैंड बना खतरों का लैंड

## एक नजर

### हत्या के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 25 मई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र बस स्टैंड के पार्किंशुक्ला स्टैंड के ठेकेदार श्रीराम यादव उर्फ मंत्री यादव की हत्या में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपितों ने पूर्व पार्षद अजय दुबे से पूर्व में हुई मारपीट और पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए इस - हत्याकांड को अंजाम दिया था पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता अजय दुबे है पुलिस उसकी और घटना में शामिल एक अन्य आरोपित की पतासाजी कर रही है गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो चाकू, दो गाड़ी और खून लगे कपड़े जब्त किए गए हैं आरोपितों के खिलाफ हत्या, रास्ता रोकने आपराधिक षडयंत्र की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि बीते 21 मई को गंजपारा नाका के पास श्रीराम यादव उर्फ मंत्री यादव की हत्या के आरोप में पूर्व पार्षद अजय दुबे के भतीजे कादंबरी नगर निवासी अक्षत दुबे उर्फ मान्या (23), आदित्य नगर निवासी शुभम शर्मा उर्फ शुभम पंडित (25) और गया नगर निवासी वंश राजपूत (19) को गिरफ्तार किया गया है उन्होंन बताया कि आरोपित अक्षत दुबे उर्फ मान्या और अमिताभ दुबे उर्फ चंदू पूर्व पार्षद अजय दुबे के भतीजे हैं। करीब सात महीने पहले अजय दुबे को मंत्री यादव और उसके कुछ साथियों ने पीटा था अजय दुबे ने मृतक के परिवार और आसपास की महिलाओं को अश्लील मैसेज भेजे थे जिसके चलते यह विवाद हुआ था। इसके अलावा अजय दुबे के खिलाफ छेड़खानी, अवैध वसूली सहित अन्य अपराधों की शिकायत भी दुर्ग कोतवाली में हुई थी जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था नवंबर माह में जेल से छूटने के बाद आरोपित अजय दुबे ने मृतक व उससे जुड़े लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी थी इसके बाद एक साजिश के तहत 21 मई को इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया फरार आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### दहेज के लिए प्रताड़ित बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली



**भिलाई, 25 मई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र दहेज के नाम पर फिर एक बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि आदित्य नगर दुर्ग में अर्पिता राजपूत का विवाह सौरभ राजपूत के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था शादी को 11 माह हुआ था ससुराल वालों से दहेज की मांग अर्पिता से लगातार करते थे इससे परेशान होकर अर्पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस बात को लेकर अर्पिता ने अपने मायके में कई बार बताया भी था लेकिन मायके वालों ने बेटी का घर बस जाए सोचकर ससुराल वालों को कुछ भी नहीं कहते थे ससुराल वालों से तंग आकर अर्पिता ने रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली अर्पिता के पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है परिजनों ने बताया कि अर्पिता के ससुराल वालों ने सारे जेवरात को गिरवी रख दिया है मृतका का पति सौरभ राजपुत सिचाई विभाग में पदस्थ है अर्पिता का विवाह जून 2023 में हुआ था मोहन नगर पुलिस मायके व ससुराल वालों से पूछताछ करने की तैयारी में है।

### महिला से छेड़खानी युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 25 मई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र दुकान गई महिला से छेडखानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 452, 354(क), 354 (घ), 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी एक महिला दुकान गई हुई थी इस दौरान जीवन, पूंजी, गणेश नामक युवकों ने छेड़खानी करने लगे। पीडिता अपनी सहेली के साथ डर के मारे घर लौट आई छेड़खानी करते हुए महिला के हाथ को आरोपी ने पकड़ लिया था महिला के चिखने चिल्लाने पर तीनों फरार हो गए। आरोपी जीवन लाल, गणेश को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया वहीं फरार आरोपी उत्तम सोनी उर्फ पूंजी को पुलिस ने सुपेला बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### प्राणघातक हमला

**भिलाई, 25 मई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मीना सिंह ने शिकायत किया था कि उसके बेटा आकाश सिंह देशी शराब भट्ठी के पास गया था। काफी भीड़ भाड़ होने से रियाज नामक नामक युवक से धक्का मुक्की हो गया। जिससे रियाज आवेश में आकर दारू की बोटल से आकाश पर ताबड़तोड़ वार कर प्राण घातक हमला कर फरार हो गया घटना में आकाश गंभीर रुप से घायल हो गया आरोपी को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस ने कार्रवाई किया सूचना पर पुलिस ने शंकर पारा सुपेला निवासी आरोपी मोहम्मद रियाज को घेराबंदी कर पकड़ा गया ।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका गतिविधि का अवलोकन

**दुर्ग, 25 मई ।** ओडिशा रूरल डेव्हलमेट एण्ड मार्केटिंग सोसायटी के श्री जितेन्द्र कुमार बिसवाल (डाय.सी.ई.ओं), श्री संजीव कुमार मोहन्ती (डाय.सी.ई.ओ.) द्वारा जिला दुर्ग के ग्राम पंचायत सांकरा, फुंडा एवं चंदखुरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंधित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया गया एवं संचालित कार्यों की सराहना की गई।

# समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा

## मानव उत्थान सेवा समिति का अनुकरणीय प्रयास : हर्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,25 मई।** ब्लॉक के ग्राम महुदा में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर सतपाल महाराज जी की चित्र पर माल्यार्पण किया गया, उसके पश्चात बच्चों के लिए विविध रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियां संचालित की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नवीन कलात्मक व रचनात्मक ज्ञान का बढ़ाते हुए बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास करना। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को योग, प्राणायाम प्रश्नोत्तरी,भाषण,कहानी, राजनात्मक लेखन, नृत्य एवं संगीत, खेल, फिटनेस जैसी अन्य रचनात्मक गतिविधियां सिखाई गई। उसके बाद सभी बच्चों को इनाम भी दिया गया। समर कैंप आयोजन का मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य थीं। उन्होंने कहा की समाज में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण बच्चो में छिपी प्रतिभा सामने आती है। मानव उत्थान सेवा समिति लगातार सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ हिस्सा लेता है। इस संस्था द्वारा मानव सेवा धर्म को ही सर्वोपरि माना जाता है। इस अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति केमहात्मा दिप्ति बाई जी, शुभम पटेल सेवा दल के प्रांतपाल, निधि साहू जिला प्रमुख, सीमा गंजीर स्टेट कोआर्डिनेटर मानव सेवा दल , प्रधान सेवक टिकट साहू, धनेश्वरी रेंगे उप प्रधान सेवक, ज्योति साहू मानव सेवा दल के सदस्य उमेश साहू, हुलास साहू,डामन पटेल,कमल पटेल,नंद पटेल, बैशाखू पटेल,लक्ष्मण सिंहा,धर्मेंद्र सिंगौर,ओम प्रकाश साहू, कामता पटेल, मधुकांता साहू ,भागवत पटेल,अजय यादव आदि उपस्थित थे।

मचांदुर की कु माधुरी यदु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91.66त्न अंक प्राप्त कर मचांदुर सहित पूरे उतई अंचल को गौरवान्वित किया। बचपन से ही मेधावी छात्रा रही माधुरी यदु ने कक्षा 8वी में भी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज चयन परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी जिसमें प्रतिवर्ष 12000रू छात्र व्रित्ति प्राप्त कर रही है। उसकी सफलता पर विद्यालय परिवार,समस्त जनप्रतिनिधि समस्त ग्रामीणों एवं मार्गदर्शक शिक्षक,शिक्षिका,ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।ग्राम मचांदुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थी रहें।माधुरी यदु ने अभावों और अपनी लगन से पढ़ाई कर छग बोर्ड परीक्षा 10 वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पापा दूध भेजने का काम करते हैं,माँ श्रीमती दीपिका यदु,मनरेगा में रोजी मजदुरी का काम करते हैं। उनके चाचा प्रवीण यदु भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल ने कहा कि हमारे घर की सभी बेटियों पढ़ाई में आगे हैं और माधुरी आगे जाकर कक्षा 12 वीं में अच्छे प्रतिशत से पास होंगे। हमारे ठेठवार समाज के लिए गौरव की बात हैं।अच्छे प्रतिशत से पास होने से पूरे परिवार में खुशी की लहर हैं। कुमारी माधुरी यदु ने माता पिता विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया।

## माधुरी यदु ने 91.66 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया



**उतई, 25 मई।** मचांदुर की कु माधुरी यदु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91.66त्न अंक प्राप्त कर मचांदुर सहित पूरे उतई अंचल को गौरवान्वित किया। बचपन से ही मेधावी छात्रा रही माधुरी यदु ने कक्षा 8वी में भी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज चयन परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी जिसमें प्रतिवर्ष 12000रू छात्र व्रित्ति प्राप्त कर रही है। उसकी सफलता पर विद्यालय परिवार,समस्त जनप्रतिनिधि समस्त ग्रामीणों एवं मार्गदर्शक शिक्षक,शिक्षिका,ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।ग्राम मचांदुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थी रहें।माधुरी यदु ने अभावों और अपनी लगन से पढ़ाई कर छग बोर्ड परीक्षा 10 वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पापा दूध भेजने का काम करते हैं,माँ श्रीमती दीपिका यदु,मनरेगा में रोजी मजदुरी का काम करते हैं। उनके चाचा प्रवीण यदु भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल ने कहा कि हमारे घर की सभी बेटियों पढ़ाई में आगे हैं और माधुरी आगे जाकर कक्षा 12 वीं में अच्छे प्रतिशत से पास होंगे।हमारे ठेठवार समाज के लिए गौरव की बात हैं।अच्छे प्रतिशत से पास होने से पूरे परिवार में खुशी की लहर हैं। कुमारी माधुरी

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

**भिलाई, 25 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक, 24 मई 2024 को मुख्य महाप्रबंधक (लर्निंग एण्ड डेवलपमेंट एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता), सुश्री निशा सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यपालक निदेशकगण तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखगण, सदस्य के रूप में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। अपने सहकर्मियों के साथ हिंदी में वार्तालाप करना, कार्य को समझने में सहायता करने के साथ ही साथ उन्हें अपनेपन की अनुभूति देता है। अतः हम सबका अधिक से अधिक प्रयास होना चाहिए कि हम हिंदी में ही समस्त कार्य करें और विशेषकर जब लिखने की बारी आए तो हिंदी में ही लिखें। उन्होंने कहा कि हमारा संयंत्र हिंदी में कामकाज करने के लिए अधिसूचित संस्थान है। हमारे संयंत्र को 100 प्रतिशत कामकाज हिंदी में करने के लिए निर्देशित किया गया है। हमें इसके अनुपालन की दिशा में हर संभव प्रयास करना है। सहायक महाप्रबंधक सुभाष भाई पटेल ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन करने हेतु समस्त विभाग प्रमुखगण का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारे हिंदी के आयोजनों में विभिन्न विभागों के कार्मिकों की प्रतिभागिता रहती है, यह आप सबके हिंदी के प्रति प्रेम व समर्पण को प्रमाणित करता है। आप सबके प्रयासों के फलस्वरूप हमने हिंदी में कार्य व्यवहार में लगातार प्रगति की है, हमें यह क्रम जारी रखते हुए पूर्णतः शत-प्रतिशत हिंदी में कार्य व्यवहार का लक्ष्य प्राप्त करना है। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने विगत बैठक की कार्यसूची का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, तत्पश्चात शत-प्रतिशत हिन्दी में पत्राचार करने वाले विभागों का उल्लेख कर आगामी तिमाही की कार्यसूची का वाचन किया तथा आभार प्रदर्शन किया।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने तरेगांव जंगल जाकर क्षेत्रवासियों से की मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 25 मई।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम में तरेगाँव जँगल जाकर क्षेत्र वासियों से मुलाकात की । इस दौरान ग्रामीणों से अपने विधायक का आत्मीय स्वागत किया । इस दौरान ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा लोगो को अपनी छोटी छोटी समस्या के लिए भटकना न पड़े इसलिए क्षेत्र में ही समस्या का समाधान हो इस दिशा में कार्य किया जाएगा । अभी आचार संहिता की मर्यादा है इसलिए चुनाव आचार संहिता की बाध्यता समाप्त होने के बाद बहुत जल्द समस्याओं का निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य हम सब मिलकर करेंगे । इस दौरान उन्होंने कहा तुंहर बीच रेहे म मोला बने लगथे बिकट दिन हो जथे त रहासि नई पड़य त आज मेल मुलाकात करे बर आय हव ,तुंहर हाल चाल जाने बर । मोर मन म सेवक के भाव हे । तुमन ल छोटे छोटे काम बर भटके ल न पड़य ये भाव हे ओखर बर बढ़िया व्यवस्था तुंहर सँग मिल के खड़ा करबो ।

## अमलीडीह में बनेगा गुरुकुल



**उतई।** राजधानी रायपुर से लगे पाटन ब्लॉक के ग्राम अमलीडीह में श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल शिक्षा के साथ साथ बच्चो को संस्कारवान बनाना, पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ खेल के लिए क्षेत्र में जल्द ही एक नई पहचान बनाने वाली है। एक विशाल प्रांगण में गुरुकुल की स्थापना की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका विधिवत शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार , पूजा अर्चना के साथ 13 जून 2024 को होगा। इसके लिए अब अतिथि आमंत्रण का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं ने आज सद शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दास जी के नेतृत्व में सांसद निवास सेक्टर 5 पहुंचे। उन्हें बतौर अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। साथ ही अमलडीह में संचालित होने वाली गुरुकुल का विस्तार से जानकारी दी गई। सांसद श्री बघेल ने कार्यक्रम में शामिल होने अपनी सहमति दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सद शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दास जी, मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, हर्षद पटेल, प्रकाश चंद्रकार, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, कमलेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहें।

# सहकार भारती दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक सम्पन्न



भिलाई, 25 मई। सहकार भारती दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सभागार सेक्टर 4 में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मी कांत द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री करुणा निधि यादव उपस्थित थे। शुरुवात मां भारती एवं सहकार भारती के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मण राव इनामदार के तेल चित्र पर माल्यार्पण करके शुरू किया गया तथा सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ सह संयोजिका द्वारा सहकार गीत की सुंदर स्वरों में प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण महिला प्रकोष्ठ संयोजिका कांति वर्मा ने किया। अध्यक्षता भाषण दीपक मिश्रा अध्यक्ष ने किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने सहकारिता को देश की सांस्कृतिक विरासत बताते हुए कहा की भगवान श्री राम,और भगवान श्री कृष्ण ने विपरीत परिस्थितियों में प्रकृति के साथ सहकारिता का पाठ पढ़ाया। करुणा निधि ने बताया कि 6,7 जुलाई 2024 को कृषि,एवं सहकार सम्मेलन एवं सहकार मेला का आयोजन कृषि विश्व विद्यालय जोरा, रायपुर में किया जाएगा जिसमे पूरे प्रदेश से प्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे। बैठक को सहकार भारती महिला सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख लता ऋषि चंद्राकर, प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष अश्वनी नागले, सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर अध्यक्ष दीपक मिश्रा, महामंत्री राकेश शुक्ला,कांति वर्मा,जिला संगठन प्रमुख शंकर लाल देवांगन ने संबोधित किया कार्यक्रम संचालन राकेश कुमार शुक्ला, आभार प्रदर्शन श्रीमति चंद्र किरण मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अश्विनी नागले, राकेश शुक्ला किरण भोंसले,कांति वर्मा, रमेश शर्मा, राजेंद्र सिंग, टी आर कनोजे, डॉक्टर गणेश पांडे, बृजलता चौबे, निहारिका राजे, नरेंद्र यदु, लक्ष्मी नारायण विस्वा ममता राव किशोर कुमार सिंह,, लक्ष्मी कांत तिवारी, आरती पांडे, ज्योति शर्मा, संध्या मंडलोई, तरसेम कैर, प्रदीप भट्टाचार्य, अरुण पंडा, विक्रम वर्मा, अरविंद तिवारी, तरुणा देशमुख, बबीता केला, अनुपमा शुक्ला , सरोज सिंह, प्रवीण मार्दिकर, गुरु प्रसाद तिवारी, कार्तिक दत्त पाण्डेय, योजना दहके, डॉक्टर नम्रता सिंह, पूनम सिंह, चंद्रावती मुर्य, रीता प्रसाद प्रतिभा शर्मा, जी सुकन्या, देवेंद्र कौशिक, अनीता बन छोर, रूखमणी साहू, किरण साहू, ममता अवस्थी, पवन निषाद , रामकुमार वर्मा, रखी बंधे ,कला, रमजान ,भानूजीराव,सुमन नायडू, अनीता सरवा, सतीश गंजीर, कंचन सोनी, सीमा निषाद, अभिनव गुप्ता सुगन्धि राय, ,सुचिता राज,दीपाली, मनीष सोनी राजा रावसहित समस्त सहकार भारती के सदस्य गण उपस्थित थे।

## पूनम अवलोकन का आयोजन



**कवर्धा, 25 मई।** प्रत्येक माह पूर्णिमा की तिथि पर संपूर्ण कर्मचारी वन मंडल अधिकारी से लेकर वनरक्षक एवं चौकीदार स्तर तक के कर्मचारी अधिकारी अभ्यारण्य के वन क्षेत्र में पैदल गस्ती पूरी रात करेंगे। पूनम अवलोकन की इस परिपाटी का शुभारंभ 23 अप्रैल की रात्रि से किया गया था। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस माह की पूर्णिमा 23 मई 2024 को भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया गया।अभयारण्य क्षेत्र में रात्रि गस्त करने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए कुल 18 दल का गठन किया गया था। प्रत्येक दल के लिए पृथक पृथक गस्ती मार्ग का भी निर्धारण पूर्व से ही कर लिया गया था जिससे की संपूर्ण अभयारण्य क्षेत्र का एक साथ अवलोकन किया जा सके। प्रत्येक दल में न्यूनतम 5 सदस्य रखे गए थे। प्रत्येक दल के द्वारा 15 से 25 किलोमीटर तक की पैदल गस्ती रात्रि 8ः00 बजे से सुबह 4ः00 बजे के मध्य की गई है। विभिन्न दलों को रात्रि गस्त के दौरान गौर, भालू, उल्लू खरगोश गौर तेंदुआ सांप पाम सिवेट चीतल आदि वन्य प्राणी वन क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए।पूनम अवलोकन का उद्देश्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ एक साथ पूरे अभ्यारण में गस्त करने से वन्य प्राणियों की अनुमानित संख्या एवं उनके विचरण क्षेत्र के संबंध में भी सटीक जानकारी एकत्र की जा सकेगी। पूर्णिमा की रात्रि को दृश्यता भी अच्छी रहती है इसलिए इस तिथि का चयन अवलोकन हेतु किया गया है इसी क्रम में आगामी माह में भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया जाएगा।

## आयुक्त के निर्देश पर कुर्की वारंट तामील कराकर संपत्ति कर की वसूली



**भिलाई, 25 मई।** नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में ऐसे संपत्ति करदाता जो मार्च अप्रैल में संपत्ति कर जमा नहीं किए थे उन्हें नगर निगम अधिनियम 1956 के धारा 174 के तहत नोटिस तामील कराई गई गई थी। इसमें से कुछ व्यापारियों द्वारा संपत्ति कर की राशि जमा कर दी गई थी परंतु कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे थे। उन व्यापारियों के विरुद्ध आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा धारा 175 के तहत वारंट शक्ति पत्र जारी किया गया। इसके लिए सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को कुर्की दल का अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनके द्वारा आज मदर टैरेसा नगर ज़ोन क्रमांक 3 के राजस्व के आमला को लेकर पावर हाउस सर्कुलर मार्केट जाकर बकायादारों से संपर्क किया गया। नोटिस तामील की सूची दिखाई गई। इसके बाद कुर्की दल द्वारा संपत्ति कर की वसूली की गई। कुल चार व्यवसाईयों से संपत्ति कर की राशि 148000 वसूली किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसमें व्यापारी संघ भी सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया है। नगर निगम भिलाई ने संपत्तिकर बकायादारों से अपील किया है कि अपने दायित्वों का संपत्ति कर जमा कर देवें अन्यथा वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित



**भिलाई।** ऊर्जा फाउंडेशन द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों की चिंता करते हुए मिट्टी के साकोरा का वितरण प्रगटेश्वर मंदिर प्रांगण प्रगति नगर रिसाली में किया गया। फाउंडेशन की चेयरमैन सरिता पाण्डेय ने इस आयोजन को जनमानस में पक्षियों के प्रति जागरूकता लाना निरूपित किया है। आज लगातार पक्षियों के संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है इसलिए इस गर्मी के मौसम में उनके लिए दाने पानी की उचित व्यवस्था करना हम सबकी जिम्मेदारी है। ज्ञात हो की ऊर्जा फाउंडेशन विगत कई वर्षों से समाजसेवा के साथ साथ बेजुबान पशु पक्षियों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस पुनीत कार्य में प्रमुख रूप से ऊर्जा फाउंडेशन की महासचिव दिव्या रंगारी, शैल सोनी, रेनू श्रीवास्तव, नीता भल्लवी, श्रीमती मुकेश गूंजर, सुष्मिता रथ, श्रीमती नमिता वर्मा, सपना श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, नीलू गणवीर, मंजूषा जोशी, सहयोगी सदस्य श्रीमती अनुजा अग्रवाल के साथ वरिष्ठ नागरिक, मंदिर के पुजारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## नालियों पर किए गए अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई



**भिलाई, 25 मई।** नगर पाली निगम भिलाई क्षेत्र के निचली बस्तियों में बरसात के समय पानी ना भरे इस हेतु नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश ध्रुव द्वारा मीटिंग के दौरान सभी को निर्देश दिए थे। बारिश के समय किसी भी तरह से कहीं पर भी निचली बस्तियों में जल जमाव न हो, मानसून की आने की संभावना समय पर होने के कारण युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू हो गया है। इसी के तारतम में ज़ोन 2 कमिश्नर ईशा लहरे अपने दल के साथ वार्ड क्रमांक 23 एवं 25 में हुए नाली के ऊपर अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंच गयीं। नालियों के ऊपर स्लैब बनाकर लोग पार्किंग का उपयोग कर रहे थे पहले भी इन्हें हटाने का निर्देश दिया गया था लेकिन लोग नहीं माने यह बात अच्छी रही कि स्थानी निवासी भी नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वाने में सहयोग करने लगे जिनके घरों में अवैध निर्माण किया गया था उनको समझाइए दे रहे थे जो नहीं हटाए उसको जेसीबी से तोड़ दिया गया। ईशा लहरे ने बताया कि बरसात के समय बुद्ध विहार के पास लगभग 50 घरों में पानी भर जाता था अभी सूर्यकुंड के पास 10 लोग ऐसे मिले जो अपने सामने सरकारी पक्के नाली पर स्लैब बना लिए थे जिससे सफाई नहीं हो पा रही थी। कचरा वहां जाम हो जा रहा था। पक्का निर्माण को तोड़ा गया जिससे समुचित सफाई हो पाए। बुध विहार एवं सूर्य कुंड का तालाब के आसपास रहने वाले लगभग 100 परिवार को आने वाली बारिश के दिनों में जलभराव से निजात मिल सके। निगम भिलाई के सभी जोन में नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ने का काम चल रहा है। आयुक्त देवेश ध्रुव ने लोगों से अपील की सब लोग सहयोग करें। स्वयं हटा लेंगे तो ठीक है नहीं तो चालानी कार्रवाई होगी। निगम द्वारा हटाने पर जो खर्च आएगा अवैध कब्जा कब्जा धारी से लिया जाएगा। इस कार्रवाई दौरान के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित थे।

## कटर से वार कर बदमाशों ने छीने रुपए

**भिलाई ।** जामुल थाना अंतर्गत 16 मई की रात्रि लगभग 10 बजे छावनी चौक स्थित देवेंद्र कुमार निषाद अपना पान ठेला दुकान बंद कर साइकिल से नंदिनी रोड होते हुए अपने घर शंकर नगर छावनी जाने के लिए निकला। तभी एस एस हॉस्पिटल के पीछे सूनसान जगह में 17 से 18 साल के 5 - 6 लोग निषाद को रोककर पैसों की मांग करने लगे । पैसे देने के बाद भी धारदार कटर से कलाई में वार कर भाग गए । वहीं शुक्रवार 24 मई को भी दोपहर लगभग 3:00 बजे चाकू बाजी हो गई 112 की टीम आई थी।

## एक नजर

### वनांचल में समर कैंप के माध्यम से छात्रों को दी जा रही कंप्यूटर शिक्षा



**मोहला 25 मई।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं विभिन्न शासकीय विद्यालय में समर कैंप के माध्यम से बच्चों की विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने का कार्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से शारीरिक खेलकूद के साथ-साथ बौध्दिक कार्य पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है जिसमें प्रमुखता से योग, व्यायाम, प्राणायाम ,चित्रकला, समेत इंडोर व आउटडोर खेल-कूद सम्मिलित है, इसी क्रम में समग्र शिक्षा द्वारा संचालित डिजी दुनिया प्रोजेक्ट के कंप्यूटरों व प्रोजेक्ट्स स्क्रीन का उपयोग भी समर कैंप के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें बच्चों को कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न शिक्षा शिक्षकों के माध्यम से दी जा रही है। बच्चों के प्रतिभा के अनुसार चित्रकला, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस समेत अन्य जानकारी देने का प्रयास शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विभिन्न विकासखंड में प्रमुखता से समर कैंप से बच्चों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दौरान अच्छे प्रदर्शन करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र का विवरण किया गया है।

### चाकू लहराते हुए व्यक्ति को थाना बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 25 मई।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु टीम गठित की गई । गठित टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर आदतन अपराधी अजय यादव पिता हेमंत यादव उम्र 19 साल निवासी अटल आवास, सृष्टि कालोनी, कौरिनभाटा, बसंतपुर जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकडकर आरोपी के कब्जे से एक पट्टीनुमा धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते पकड कर आरोपी के विरूद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहॉ से ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जा चुका है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक नरेश कुमार सार्वा, आरक्षक 781 आदित्य सोलंकी, आरक्षक 1412 राजेश बंदेश्वर की भूमिका सराहनीय रही ।

### अंचल में धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा



**डोंगरगांव 25 मई।** स्थानीय बौद्ध समाज सहित दर्री,बेंदरकटा आदि ग्रामो में बुद्ध पूर्णिमा के पर्व को अंचल में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर ग्राम दर्री के सामाजिक जनो ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा में माल्यार्पण कर विधिवत पूजन कर के ग्राम में रैली निकालकर जयकारे, नारे लगाते हुए तथागत भगवान को याद किया साथ ही जगह जगह शीतल पेय जल की व्यवस्था स्टाल लगाकर की ,इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी के सन्दीप आटो पार्ट्स के संचालक सन्दीप घोडेसवार सहित भीम आर्मी मोर्चा ग्राम दर्री के युवाओं के द्वार स्टाल लगकर ठंडी शरबत का वितरण किया गया ,रात्रि में भगवान बुद्ध के उपासको के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात प्रशाद वितरण कर भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### रायपुर एयरपोर्ट में लगी खूबसूरत कलाकृति

**रायपुर 25 मई।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अशोक देवांगन द्वारा बनाई गई बस्तर आर्ट की 12 फीट ऊंची नयनाभिराम कलाकृति रायपुर एयरपोर्ट में लगाई गई है। छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति के अनुरूप बस्तर आर्ट पर बनाई गई इस कलाकृति के लगने से एयरपोर्ट परीक्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लग आए हैं। यह बैल कलाकृति अब रायपुरियंस लोगों के लिए एक नया सेल्फी पाइंट बन गया है। ज्ञात हो कि अशोक देवांगन समकालीन भारतीय कलाजगत के एक शीर्षस्थ हस्ताक्षर हैं। वे विगत 25 वर्षों से कलासाधना में लगे हुए हैं और देश भर में एक से बढ़कर एक कलाकृतियां बना चुके हैं। रेल्वे के व्यर्थ पड़े लौह स्क्रेपो से उन्होंने भारत के अनेक शहरो में सुंदरतम और कालजयी कृतियों का निर्माण किया है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ के जनरल नॉलेज बुक में उन्हें कचरे से सोना बनाने वाले कलाकार के रूप में उल्लिखित किया जाता है। वे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं और रेल्वे के विभिन्न विभागों में सौंदर्यीकरण का महती कार्य कर रहे हैं। रायपुर एयरपोर्ट में उन्होंने दो विशालकाय घोड़ों की कलाकृति बनाई है जो आज एयरपोर्ट की पहचान बन चुकी है। एयरपोर्ट से निकलते ही तीन मंजिले इमारत जितने ये घोड़े मन को मोह लेते हैं। बाहर से आए यात्री हों या स्थानीय रहवासी इस अद्भुत कलाकृति को नजदीक से देखने और उसके साथ सेल्फी लेने का लुत्फ नही छोड़ना चाहते। बहरहाल इस बस्तरिहा बैला कलाकृति के निर्माण की बात करें तो इसे पहले मिट्टी से बनाया गया है। मिट्टी में पूरा आकार देने के बाद फिर फाईबर कास्टिंग किया गया है। इस कलाकृति के निर्माण में पूर्णानन्द देवांगन, राजेंद्र कोलियारा किल्लेकोड़ा, विनोद, डोमन एवं अमित ने अपनी भूमिका निभाई है।

# आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों की जान की कोई कीमत नहीं

■ पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधि पंडरिया हादसे के प्रभावितों से मिले



**छूरिया 25 मई।** कवर्धा जिले के पंडरिया में हुये सड़क हादसे में मृत हुये लोगों के परिजनों और घायलों से मिलने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रभावितों के गांव सेमरहा गये थे। प्रभावितों से मिलने के बाद पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह घटना बहुत हृदय विदारक है। शासन तंत्र की लापरवाही के कारण इतने आदिवासियों की जानें चली गयी। प्रदेश का मुख्यमंत्री आदिवासी है लेकिन उसकी नजर में आदिवासियों के जान की कोई कीमत नहीं है। एक पिकअप में 35 लोग रोज हफ्तो से भर-भरकर आते जाते थे, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और वन अमले के लोगों ने कभी रोका क्यों नहीं? यदि सरकार सही समय पर कदम उठाई होती तो इतने आदिवासियों की जान नहीं जाती। परिवहन विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास है अतः उनकी खुद की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। गृहमंत्री के गृह जिले में मालवाहक वाहन में सवारी ढोई जा रही थी उनकी पुलिस कहां थी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का इस घटना के बाद रवैय्या बेहद ही आपत्तिजनक रहा सिर्फ शोक व्यक्त करके पल्ला झाड़ लिये, पीड़ितो को दी गयी सहायता राशि 5 लाख भी अपर्याप्त है। मृतकों के परिजनों को 20 लाख रू. तथा घायलों को 5 लाख रू. की सहायता राशि सरकार तत्काल जारी करे। इस घटना में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता श्रमिक बीमा योजना के तहत सभी को लाभ दिया जाना चाहिये। जानकारी आई है कि केवल दो लोगों को ही बीमा योजना का लाभ मिला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस घटना के बाद भी सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाये गये है। जबकि कवर्धा में ही भोरमदेव के पास भी पिकअप पलटने से 7 लोगों की मौतें पहले भी हो चुकी है। पूरे प्रदेश में मालवाहकों में ठूस-ठूस कर लोगों को ढोया जा रहा है। सरकार पंडरिया की घटना के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ पीड़ितो से मिलने के लिये विधायक भोलाराम साहू विधायक दलेश्वर साहू, विधायक यशोदा वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व-प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष कवर्धा महेश चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष कवर्धा होरी राम साहू पदम कोठरी,नरेंद्र सेन,गये थे।

# बारिश के पूर्व बड़े नाली-नाला की सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 24 मई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली नालो की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत फरवरी से नाली सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालो की सफाई कराई जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल एवं जे.सी.बी. के माध्यम से कर रहे है। जिसकी सतत निरीक्षण भी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव व सफाई दरोगा के द्वारा किया जा रहा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने बसंतपुर, इंदिरा नगर, जिला चिकित्सालय के सामने, नंदई, गंज चौक मुरारजी पुलिया, गुरूद्वारा के पास, पुराना अस्पताल के पास, मोहरा रोड, जी.ई. रोड के नालो की सफाई कराई गयी है। चिखली, शांति नगर, मोतीपुर, ढाबा, पेन्ड्री के नालो की सफाई भी कराई जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला को कडे निर्देश देते हुये कहा कि शहर के सभी नालों की सफाई अच्छे से कराकर समय सीमा में पूर्ण कर लिया जावे, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति न हो तथा स्वास्थ्य अमला भी अपने अपने क्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियो के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेंगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिये सफाई अभियान सम्पादित करे तथा जल शुद्धिकरण के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराया जाये। गड्ढो में पानी भरने की स्थिति में कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी की व्यवस्था करे। जल जमाव से होने वाले बिमारी जैसे डायरिया, डेंगू मलेरिया, पिलिया न फैले इसके लिए दवाई का छिड़काव करें, साथ ही होटलो का निरीक्षण कर पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने एवं ताजा खाद्य पदार्थ बिक्री करने हेतु संबंधित व्यवसायियों को समझाईस देवे। सड़क में मलमा या भवन मटेरियल रखने पर मलमा मंडप के तहत् कार्यवाही करें।

# राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**रायपुर 25 मई।** गर्दिश में संग न छोड़ देना, या खुदा मेरी राहें मोड़ देना। ढेरों तुम फेखो,मुझे आता है, पत्थरों को भी निचोड़ देना। ए चिरागों तुम सूरज बनकर तूफानों को झींजोड़ देना उक्त पंक्तियां कवि,चिंतक, लेखक संजीव ठाकुर ने कार्यक्रम में गंभीर अंदाज से व्यक्त की। तेलगानी नाका चौक कमला सुपर मार्केट में स्थित काव्यालय मैं विचारोंत्तेजक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी में देश के नामचीन, ख्याति प्राप्त कवि व्यंग्यकार शायरों में बढ़-चढकर सहभागिता रखी। मां सरस्वती का पूजन वरिष्ठ कवि 82 वर्षीय सुरेंद्र रावल बस्तर द्वारा की गई। इसके पश्चात कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाकर अपनी अपनी रचनाएं पढ़ी। कवि डॉ जे के डागर नेअपनी रचना पढी, डूब जाते हैं कितने ही दीवाने इश्क में यहां पार लगाती नहीं इश्क की ये नाव हर किसी को निकल जाती है पैरों के तले से कभी-कभी रखने देती नहीं ये जमीन पाँव हर किसी को । राजेश जैन राही ने कहा प्रीत मिलेगी राह में, रखो सदा विश्वास, राहों को मंज़िल करो, मंज़िल होगी पास। केपी सक्सेना दूसरे ने चंद् शेर पढ़े बात कुछ ठन गई है गहरे में। आज सारा चमन है पहरे में। उस परिंदे के पर का क्या मानी, उम्र गिरवी है जिसकी पिंजरे में। राजेंद्र ओझा ने नई विधा की कविता पढ़ी, हम सब ने सुना ही है कि एक छोटी सी चींटी, विशालकाय हाथी की सूँड में, घूसी, और उसके काटने से, विशालकाय हाथी, चीखने - चिल्लाने लगा।



इस अवसर पर डॉ महेंद्र ठाकुर, केपी सक्सेना दूसरे, सुरेंद्र रावल, डॉ मृणालिका ओझा ने अपनी अपनी प्रतिनिधि रचनाएं सुनाई। कार्यक्रम में राजेश जैन रही की कृति नाचे आम आदमी का लोकार्पण भी साहित्यकारों द्वारा किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी तथा श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन,आभार प्रदर्शन संयोजक राजेश जैन राही ने किया।

# राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को मिल रहा लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए। जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्कत नहीं आयें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थिता रहना सुनिश्चित करेंगें। उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 143 राजस्व शिविरों में 1295 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1046 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।

# सायबर सेल व चिखली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, आदतन चोर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 मई।** प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.05.2024 को एचडीएफसी बैंक राजनादगांव से रुपये निकला रुपये को अपने पिठ्ठू बैग में पिछे रख हुआ था, और अपनी मोटर सायकल से राजनादगांव से खैरागढ रोड पदुमतरा की ओर जा रहा था, कि दोपहर करीबन 03:00 बजे एक व्यक्ति देशमुख होटल चौक में लगडाकर चल रहा था मुझसे लिफ्ट मांगा तो धुप और गर्मी को देखते मैने उसे अपने मोटरसायकल में पिछे बैठा लिया आगे संजीवनी हास्पीटल के पास वह उतर गया। मैं आगे जाकर पदुमतरा में अपने पिठ्ठू बैग में देखा तो 50,000/-रु नही था, लिफ्ट लेने वाले व्यक्ति ने चलती मोटर सायकल से 50,000/-रु चोरी कर लिया था, कि रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर सुचना वरिष्ठ अधिकारीयो को दिया गया, श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल सायबर सेल व चिखली पुलिस टीम तैयार कर आरोपी को पकडने के लिये आवश्यक निर्देश दिया गया, टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया गया जिसमें आरोपी दिखने पर प्रार्थी द्वार पहचान करने पर पुलिस सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रुम के माध्यम से आरोपी का आने जाने के रास्तो को चेक कर राजनादगांव शहर से बालोद जिले तक के सीसीटीव्ही कैमरा को खगांला गया व आरोपी का हुलिया और तरीका ए वारदात, से आस पास के जिलो में आरोपी के सबंध में पतासाजी की गई, सतत प्रयास से आरोपी की पहचान होने पर जिला बालोद के ग्राम आडेझर में दबिश घेराबंदी कर आरोपी हरीश धुव्र पिता स्व0 खोरबाहरा ध्रुव्र उम्र 29 वर्ष साव आड़ेझर जिला बालोद को पकड कर पुछताछ में पहले तो घटना के सबंध में गोलमोल जवाब दे रहा था, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुछताछ करने पर अपराध स्वीकार करते हुये, बताया की लिफ्ट लेकर चलती मोटरसायकल में पिठ्ठू बैग से 50,000/-रु चोरी किया हुॅ।

## मतगणना हेतु अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कार्य करें सम्पन्नः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष राजनांदगांव में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि डाटा प्रमाणिक होना चाहिए और समय पर प्राप्त होना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने पूरी सावधानी रखते हुए मतगणना कार्य करने कहा। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने टेबल पर मतगणना कार्य संपन्न कराने कहा। उन्होंने सभी मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना के तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सहायक रिटर्निंग आफिसर, सिक्योरिटी नोडल, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारीगण प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनय अग्रवाल एवं सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रूपेश वर्मा ने बिन्दुवार मतगणना तथा परिणाम की घोषणा की प्रक्रिया के बारे में प्रजेन्टेंशन के जरिए सरल ढंग से बताया।

प्रशिक्षण में मतगणना व्यवस्था, जरूरी सामग्री, सामग्री प्रबंधन, डाक मत पत्र गणना के लिए सामग्री, वीडियोग्राफी, मतगणना के प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, वीवीपैट पर्चियों के अनिवार्य सत्यापन की प्रक्रिया, मतगणना केन्द्रों में आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना केन्द्र में बैठक व्यवस्था, मतगणना हॉल में अनुशासन एवं शिष्टाचार, मतगणना स्टॉफ और गणना अभिकर्ता, डाक मत पत्रों के मतों की गणना, सेवा मतदाताओं के मतों की गणना, ईटीपीबीएस की गणना शुरू करने की प्रक्रिया, क्यूआर कोर्ड की स्केनिंग की प्रक्रिया, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट पर्चियों की गणना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, वीवीपैट कागज पर्ची की गणना प्रक्रिया, मशीनों की सीलिंग, परिणामों की घोषणा आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने मतगणना कार्य को निर्विघ्न, सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु मतगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं, उनके बारीकियों एवं इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने सर्वप्रथम मतगणना के दौरान मतगणना स्थल में उपलब्ध कराए जाने वाले जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी।

## समाचार संक्षेप

### यातायात पुलिस ने की रामदरबार सर्विस रोड पर खड़े 20 ट्रकों पर चालानी कार्रवाई



**राजनांदगांव 25 मई।** 24 मई को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस, सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव द्वारा सड़क दुर्घटना नियंत्रण हेतु रामदरबार सर्विस रोड पर अव्यवस्थित खड़े 20 ट्रकों पर चालानी कार्यवाही किया गया। एफसीआई संचालकों से यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी नही करने के संबंध में मीटिंग लिया गया। सभी ट्रक चालकों को सर्विस रोड में वाहन नही खड़ी करने हिदायत दिया गया, साथ ही भविष्य में भी रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी करने पर लगातार चालानी कार्यवाही किया जायेगा। यातायात पुलिस राजनांदगांव की सभी वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों पालन करें। सुरक्षित वाहन चलायें एवं दुर्घटना से बचे।

### शराब कोचिया पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 25 मई।** थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 23.05.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 23.05.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम ङ्क उपनिरी0 लाभाराम ध्रुव , आर0गौरव शेण्डे क्र 960 ,आर0 त्रिलोकी ध्रुव क्र0 1767, आर0 दीपक जाटवर क्र0 1252 एवं सायबर सेल से सउनि? सुमन कुमार कर्ष , आर0 मनोज खुटे क्र0 1120, आर0 जोगेश राठौर क्र0 1244 की टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , रेडकार्यवाही के दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी संतोष निर्मलकर ऊर्फ गंगभोई पिता स्व0 गुहाराम निर्मलकर, उम्र- 34 साल ,पता - राजाखुज्जी बस स्टैण्ड के पीछे , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को कुल 50 नग शोले पौवा देशी प्लेन शराब ,सीलबंद कुल 9 लीटर , जुमला कीमती 4500/- रूपये एवं कुल बिक्री रकम 1100 रूपये , कुल जुमला रकम ङ्क 5600/- रूपये को बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ कर जप्त किया , एवं आरोपी को गिर0 की कार्यवाही कर अप0 पंजी0 कर विवेचना मे लिया गया है । आरोपी को दिनांक 24.05.24 को मान0 न्यायालय ज्युडिशियल रिंमांड पर पेश किया जायेगा । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।



**जगदलपुर 25 मई।** झंकार चौक स्तिथ शहीद महेंद्र कर्मा की पुण्यतिथि पर श्रंद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे बस्तर के कांग्रेसी नेता।

संपादकीय

# हाईकोर्ट का फैसला मुंह पर तमाचा तो है

संविधान में धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था नहीं है तो इस तरह का आरक्षण राजनीतिक दलों को नहीं देना चाहिए। अगर वह मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए ऐसा करते हैं और कोर्ट इसे निरस्त करता है तो इसे आम जनता,राजनीतिक दल कहेंगे ही कि यह कोर्ट ने तुष्टिकरण करने वालों के मुंह पर तमाचा मारा है। कोलकाता हाईकोर्ट के सामने धर्म पर आधारित आरक्षण की मामला आने पर पिछले 2012 के बाद जारी सारे ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए हैं। इससे साफ हो जाता है कि ममता सरकार ने पं.बंगाल में मुस्लिमों को धर्म के आधार और प्रक्रिया का पालन किए बिना आरक्षण देने के लिए औबीसी की सूची में बहुत सारी मुस्लिम जातियों को डाल दिया था। पिछडी जातियों को ओबीसी में डालन की एक प्रक्यिा है। इस प्रक्रिया के तहत देश के मुसलमानों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण का लाभ दिया जाता रहा है, बहुत से राज्यो में मुसलमानों को पिछड़ी जातियों में शामिल कर आरक्षण दिया भी जा रहा है। इस तरह आरक्षण देने से राज्य व देश के लोगों को पता चल जाता है कि मुस्लिमों का आरक्षण दिया जा रहा है, इस रास्ते का उपयोग कई सरकारे नहीं करती है, खासकर ऐसी सरकारें जो मुस्लिम तुष्टिकरण करती है। इसकी जगह वह चुपके से आदेश निकालकर मुसिलिमों की कुछ जातियों को ओबीसी की सूची में डाल देती है इससे देश व राज्य को पता नहीं चलता है और मुस्लिमों को आरक्षण का लाभ मिलता रहता है। देश व राज्य को पता नहीं था कि पंबंगाल में वामपंथियों के समय से मुसलमानों को एक आदेश निकालकर पिछड़े मुसलमानों का आरक्षण दिया गया था । वामपंथियों ने चुनाव जीतने के लिए यह आरक्षण दिया था लेकिन वह चुनाव हार गए। इसके बाद ममता सरकार आई तो उसने भी वामपंथियों की तरह 12 में मुस्लिमों को एक सरकारी एजेंसी से सर्वे कराकर मुसलमानों को पिछड़ी जात की सूची में डाल दिया। 12 तक देश व राज्य के ओबीसी वर्ग के लोगों को पता ही नही चला कि उनका आरक्षण में मुसलमानों को ज्यादा हिस्सा दे दिया गया है। 12 साल तक मुसलमानों को आरक्षण मिलता रहा, मुसलमान ममता की पार्टीको वोट देते रही और तीन बार ममता की सरकार बनती रही। कांग्रेस सहित बहुत से गैर भाजपा दल सत्ता हासिल करने के लिए ऐसा ही अपने राज्यों में कर चुके हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में ऐसा किया है। सब जानते हैं कि मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। लेकिन कई राजनीतिक दल अपने राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा करते हैं और कर रहे हैं। इससे भाजपा को विरोध करने का मौका मिल गया है। भाजपा ने इसे लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बना दिया है। इस आधार पर वह खुद को पिछ़ो, दलितों व आदिवासियों के आरक्षण के रक्षक के रूप मे पेश कर रही है। भाजपा सीधा कांग्रेस व इंडी गंठबंधन पर यह कहकर हमला कर रही है कि वह ओबीसा के आरक्षण का हक मुसलमानों को दे रही है। इससे लोकसभा चुनाव में पांसा ही पलट गया है क्योंकि कांग्रेस व इंडी गठबंधन भाजपा के चार सौ पार के नार के जवाबे में यह कह रहे थे कि भाजपा चार सौ पार सीटें इसलिए चाहती हैं कि वह देश में दलितो,आदिवासियों व ओबीसी का आरक्षण ही समाप्त करना चाहती है, वह संविधान बदल देना चाहती है। इससे भाजपा कुछ समय के लिए बैकफुट में आ गई लेकिन जैसे री यह मामला खुला कि मुसलमानों को कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है वैसे ही अब भाजपा आक्रामक हो गई है और कांग्रेस व डिंी गंठबंधन बैकफुट पर आ गए हैं। ऐसे में जब कांग्रेस व इंडी गठबंधन मुस्लिम आरक्षण को लेकर बैकफुट पर था कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश ने तो कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दलों को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। इससे विपक्ष जो जाति जनगणना का मुद्दा उठाक भाजपा के ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाना चाहता था, अब उसके लिए यह संभव नहीं होगा। क्योंकि कांग्रेस व इंडी गठबंधन मुस्लिमों को आरक्षण देने के नाम पर जो कुछ कर रहे है, उससे तो ओबीसी का आरक्षण में हिस्सा कम हो रहा है। ओबीसी के क्रीमीलेयर वैसे ही आरक्षण का लाभ ले लेत है, अब कांग्रेस व इंडी गठबंधन के कारण उनको आरक्षण में और भी कम हिस्सा मिल रहा है। इससे ओबीसी में कांग्रेस व इंडी गठबंधन के दलों के खिलाप नाराजगी तो बढ़ेगी ही। यह नाराजगी जितनी ज्यादा होगी, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के दलों को लोकसभा चुनाव ही नहीं राज्यों के चुनाव में भी बहुत नुकसान होगा। आरक्षण सभी वर्गों के लिए संवदेनशील मुद्दा होता है कोई नहीं चाहता है कि उसका आरक्षण कम हो।

चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# अंधेर नगरी : कानून को पहियों तले रौंदते नाबालिग !



महाराष्ट्र के पुणे शहर में हाल ही में एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। रात के तीन बजे दो युवा आईटी इंजीनियर अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा अपने साथियों के साथ कल्याणी नगर में एक भोजनालय पर भोजन करके वापस लौट रहे थे। वे सभी दोस्त मोटरसाइकिलों पर सवार थे। जब वे कल्याणी नगर जंक्शन पर पहुंचे, तो बेलगाम रफ्तार से दौड़ती आ रही लग्जरी पोर्शे कार ने उन दोनों के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, मोटरसाइकिल गिरा और कार ने दोनों को कुचल डाला, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जब आरोपित कथित नाबालिग कार चालक को पकड़ कर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया तो उसे कुछ घंटे में इस दलील के साथ जमानत दी गई कि वह सड़क हादसों पर 300 शब्दों का निबंध लिखे। यह जुनाइल जस्टिस बोर्ड का ?सा फैसला है जिसके बारे में आम आदमी चीत्कार उठा है। क्या नाबालिग को कोई भी अपराध करने की छूट है हमे याद आ रहा है निर्भया कांड का वह शैतान दरिंदा जिसे जेजेबी ने उस बेहद बर्बरता हैवानियत के आरोपी को किशोर सुधार गृह में रखने के बाद सिलाई मशीन गिफ्ट के साथ रिहा कर दिया था जबकि इस नाबालिग का निर्भया के साथ दरिंदगी बर्बरता में सबसे बर्बर रोल था और इस कांड के दूसरे आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। क्या दो युवाओं की जिंदगी छीन लेने की सजा मात्र दो पन्नों का निबंध है?

पुणे की यह घटना कथित एलीट सोसाइटी के बिगड़ैल रईसजादों के उत्श्रृंखल हो कर मनमानी करते हुए कानून को तोड़ने और उनके सामने बेबस कानून के अंधा कानून साबित होने का जीता-जागता उदाहरण है। आरोपित को इसलिए कुछ ही घंटों में जमानत दे दी गई, क्योंकि वह 17 साल का %नाबालिग% है। वह पुणे के एक बड़े बिल्डर का बेटा है और 2 करोड़ रुपये की पोर्शे कार दौड़ा रहा था। मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है। अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर नहीं था क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे। यहां तक कि गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

वह कितना मासूम नाबालिग था, इसी से समझा जा सकता है कि इन दो युवाओं को कुचलने से ठीक पहले वह पब में शराब पार्टी करके आया था।आरोपी का एक वीडियो सामने आया, वीडियो में आरोपी दोस्तों के साथ शराब पीता हुआ दिख रहा था। पुलिस की मानें तो आरोपी नाबालिग ने हादसे से पहले कई पबों में पार्टी की थी। हादसे से पहले उसने दो पब में जाकर मात्र 90 मिनट में 48,000 रुपए खर्च कर दिए थे। पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नाबालिग ने 48,000 रुपये का बिल कोजी में चुकाया गया। जो शनिवार रात 10 बजकर 40 मिनट पर किशोर और उसके साथियों द्वारा दौरा किया गया पहला पब था। कोजी रेस्त्रां द्वारा उन्हें सेवा देना बंद करने के बाद वे 12 बजकर 10 मिनट पर दूसरे पब ब्लैक मैरियट में चले गए। कुमार ने कहा, हमें पब का 48,000 रुपये का बिल मिला है, जिसका भुगतान नाबालिग के ड्राइवर ने किया था।

कोर्ट ने मामूली शर्त पर किशोर को रिहा कर दिया। अदालत के इस फैसले की खूब आलोचना हुई। पुलिस ने आरोपी आरोपी के पिता, कोसी रेस्तरां के मालिक नमन प्रल्हाद भूतड़ा, इसके प्रबंधक सचिन काटकर और ब्लैक क्लब होटल के प्रबंधक संदीप सांगले को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। पुणे की विशेष अदालत ने 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। खास बात यह कि कानून की कमजोरी देखिए कि सरेआम दो लोगों की 'हत्या' कर डालने वाले उस नाबालिग या उसके बाप के नाम का खुलासा तक करने पर पाबंदी है, क्योंकि कानून कहता है नाबालिग अपराधी भी हो तो उसकी पहचान उजागर नहीं की जा सकती।क्या यह



शर्मनाक नहीं है कि पब में बैठकर शराब पीने वाला, 2 करोड़ रुपये की कार बेलगाम रफ्तार से दौड़ाने वाला, दो युवाओं को कुचल डालने वाला %नाबालिग% होने के नाम पर आजाद घूम रहा है? यदि वह सच में नाबालिग है तो भी उसने एक नहीं, कई कानून तोड़े हैं। पहला वह 18 साल से कम उम्र का है, इसलिए उसका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सकता और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाना कानूनन अपराध है। दूसरा नाबालिग किसी पब या बार में जाकर शराब नहीं पी सकता, इस मामले का आरोपी सीसीटीवी में दोस्तों के साथ शराब पीता साफ नजर आ रहा है। तीसरा बिना पंजीकरण कोई भी गाड़ी सड़क पर नहीं चलाई जा सकती, जबकि वह मार्च से ही इस पोर्शे कार को बिना पंजीकरण और बिना नंबर प्लेट चला रहा था। इस मामले में उसके बाप पर भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। चौथा शहरों में किसी भी वाहन की अधिकतम गति सीमा तय होती है, इस मामले में उसने यह कानून भी तोड़ा, क्योंकि जांच में पता चला कि हादसे के समय कार की रफ्तार 250 किलोमीटर प्रति घंटा थी और इतनी रफ्तार की भारत के किसी भी शहर में अनुमति नहीं है।

गौरतलब है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई।क्या जुवेनाइल कोर्ट को पता नहीं कि बालिग होने के करीब पहुंच चुके नाबालिग पर भी वयस्क की तरह केस चलाया जा सकता है? दिल्ली के निर्भया केस के बाद म कानून ही बन चुका है कि नाबालिग अपराधी पर भी बालिग की तरह है। उसे अदालत में अपनी उम्र याद आ गई, पर शराब पीते हुए खुद का नाबालिग होना याद नहीं आया?जुवेनाइल अदालत ने इस शैतान कथित नाबालिग को जमानत पर रिहा कर दिया और उसे सड़क सुरक्षा पर तीन सौ शब्दों का निबंध लिखने और पंद्रह दिन ट्रेफिक कंट्रोल में मदद करने की शर्त जोड़ दी।

आपको बता दें कि इस पूरे घटनाचक्र के सामने आने के बाद इस पर लोगों की कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है। इस बीच बिल्डर पिता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।साथ ही कथित नाबालिग आरोपी को 5 जून तक किशोर गृह में रखने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि ऐसे मामले एक नकारात्मक संदेश देते हैं यदि कोई साधन सम्पन्न पैसा और पावर वाला है तो किसी को कुचलकर भी आजाद घूम सकता है। पूर्व में भी ऐसी कई नकारात्मक संदेश देने वाले हादसे सामने आ चुके हैं का सलमान केस हो या पुणे का यह हादसा, इनमें कार्रवाई दिखावे की होती है,ऐसी स्थिति में न्याय मिलेगा यह तो बहुत महज कल्पना मात्र है।

यह घटना महज दो इंजीनियरों की सड़क दुर्घटना में मौत नहीं है यह दो परिवारों पर वज्रपात कर उनके भविष्य को चौराहे पर खड़ा कर देने का अपराध है आज कल न्यूक्लियर फैमिली है उनके इकलौता जवान बेटा यदि ऐसी दर्दनाक मौत का शिकार बन जाए तो बूढ़े मां-बाप और परिवार के सामने अंधेरा छा जाता है। लुंज पुंज नाकाम सिस्टम के अंधे और लचीले कानून का फायदा उठा रहे अपने मजे और अययाशी कर रहे एक साल बाद व्यस्क होने वाले को नाबालिग का कानूनी फायदा देना किसी को सड़क पर चींटी की तरह कुचल कर हत्या करने का लाइसेंस जारी करने जैसा है किसी शराबी, किसी हत्यारे को केवल इसलिए छोड़ देता है कि उसके दस्तावेजों में उम्र 18 साल से कम लिखी हैं ऐसे कानून को ही अंधा कानून या अंधेर नगरी चौपट राजा का खिताब दिया जा सकता है। इस सिस्टम को और ऐसे कानून को कौन सा संविधान और सरकार संरक्षण देता है? क्या यह जनसापेक्ष कहा जा सकता है?

ताज़ा अपडेट के मुताबिक अब एक ड्राइवर यह दावा कर रहा है कि गाड़ी नाबालिग नहीं वह चला रहा था। घटना के चार दिन बाद इस ड्राइवर का यह दावा साफ बताता है कि चांदी के जूते में कितना ताकत है। पैसे से खरीदा ड्राइवर मालिक और बेटे को बचाने के लिए खुद को गुनाहगार बता रहा है क्योंकि उसे पता है कि पूंजीपति मालिक पुलिस और अदालत से देर सवेर उसे बरी करा लेगा। शर्मनाक से भी शर्मनाक स्थिति है यह यदि सही जांच एजेंसी जांच करे तो बीच में आकर जुर्म कबूलने वाले ड्राइवर को भी जांच को भटकाने के आरोप में जेल की सजा सुनाई जानी चाहिए लेकिन ऐसा होने की संभावना जीरो है क्योंकि अब सारा खेल उन बड़े वकीलों की सलाह पर चल रहा है जो कानून के छिद्रों का लाभ उठाने और सच को झूठ बनाने में उम्र खपा देते हैं न्याय सिर्फ राम भरोसे है सब्र किजिए पेट पकड़ कोसिए या लेख लिखपढ़ कर सो जाइए यह अंधी व्यवस्था का नक्कारखाना है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिए किसी संस्था से सहयोग मिल सकता है। किसी की मदद से आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। आपके सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं।

वृष राशि-आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। अचानक आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

मिथुन राशि-आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। सीनियर से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता रखें।

सिंह राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। माता के स्वास्थ्य को लेकर आज आपको सावधान रहने की जरुरत है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशि-आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। आप अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ही उत्साहित रहेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपको कोई भी मौका हाथ से नहीं गंवाना चाहिए। बदलते मौसम में आपको अपने ऊपर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अपने खान-पान में भी बदलाव करना चाहिए।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उन्हें कार्यक्षेत्र में अवॉर्ड मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है। किसी घरेलू काम के लिए आप पूरे परिवार के साथ मिलकर बातचीत कर सकते हैं। सब लोग आपकी बातों से सहमत भी रहेंगे। नौकरी में आपके साथ सब कुछ अच्छा रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। जो छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला लेने के लिए परीक्षाएं दे रहे हैं, उन्हें मन-मुताबिक परिणाम मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने में आज आपका समय बीतेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा। आपको परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। आपको किसी प्रोजेक्ट के लिए किसी बड़े आदमी से मदद मिल सकती है। हर तरह से स्थिति आपके पक्ष में रहेगी।

मीन राशि-आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद कर सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनका काम आज अच्छा रहेगा। आज आप किसी फंक्शन में जाने के लिए तैयारी कर सकते हैं। घर के कामों में पिता की मदद से आपके सारे कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कारगर साबित हो सकते हैं यह उपाय

लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का मतदान पूरा हो चुका है, हालांकि अब तक हुई 429 सीटों पर औसत मतदान लगभग 57.44 प्रतिशत रहा है। खुद चुनाव आयोग 60 फीसदी से कम मतदान को चिंताजनक मानता है। ऐसे में उन कारणों पर बात करना जरुरी है जो लगातार मतदान के प्रति लोगों के कम होते




रुझान की वजह हो सकते हैं या उन वजहों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो कम मतदान का कारण बन रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ सवाल उठाने, उनके हल खोजने और कुछ सुविधाओं को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बात करना जरुरी है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि देश का कोई भी वयस्क नागरिक कहीं से भी मतदान कर सके? क्यों न 75 वर्ष से ऊपर या बीमार व्यक्तियों के लिए एक मोबाइल पोलिंग बूथ की व्यवस्था हो? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि 75 वर्ष से ऊपर या जरूरतमंद मतदाताओं को लाने-छोड़ने की व्यवस्था हो! ऐसे ही क्यों न पर्यटन या जरुरी कामों से सफर कर रहे मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करने में सक्षम हों? यूं भी एक चुनाव में हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है, फिर ऐसी कुछ व्यवस्थाओं में कुछ करोड़ और खर्च कर के यदि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है तो क्यों न इन उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाये?

चुनाव आयोग के नियमानुसार आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में ही मतदान देने का अधिकार है। इसके लिए आपको मतदाता सूची में खुद को पंजीकृत करना जरुरी है। यहां तक तो ठीक है लेकिन क्यों न ऐसी कोई व्यवस्था हो जो ऐसे मतदाताओं को कवर करती हो जो किसी भी कारण, भले रोजगार हो, व्यवसाय हो, पर्यटन हो या मेडिकल इमरजेंसी, से अपने निर्वाचित क्षेत्र में मतदान वाले दिन उपलब्ध नहीं हैं। इन मतदाताओं के लिए प्रत्येक शहर में किसी भी निजी या सरकारी भवन में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है जिससे वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सके। हम एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाले युग में जी रहे हैं, जहाँ हर रोज नए इन्वेंशन देखने को मिलते हैं, वहां क्या ऐसा कुछ नहीं हो सकता कि एक टेक्नोलॉजी बेस्ड सिस्टम हो, जो इंदौर के किसी मतदाता जो यदि कानपुर में हो तो वह कानपुर में ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल ऑनलाइन माध्यम से कर सके तथा इसका रिकॉर्ड इंदौर पोलिंग स्टेशन में दर्ज हो। जाहिर तौर पर इसमें कुछ बेसिक दिक्कतें जरूर हो सकती हैं लेकिन इन्ही दिक्कतों के ऊपर कम वोटिंग प्रतिशत का हल ढूंढा जा सकता है। जिस प्रकार सेना, सुरक्षा बलों या चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को अपने मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं होती और वे अपने कार्य स्थल से ही बैलेट पेपर पर वोट डाल सकते हैं, ऐसी ही कुछ व्यवस्था उन लोगों के लिए भी हो जो विभिन्न कारणों से अपने पोलिंग स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हो पाते। दूसरी ओर वर्तमान लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो इस बार 100 साल से ज्यादा के 2.18 लाख वोटर हैं। क्यों न ऐसे वोटर्स के लिए एक मोबाइल बूथ की व्यवस्था हो। हर शहर में कुछ ऐसे मोबाइल बूथ कार्यरत हों जो चिन्हित मतदाताओं के एरिया में मौजूद हों, उनके घरों के समीप हों, जिससे उन्हें अपने मत का उपयोग करने में आसानी हो। इसी प्रकार 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पोलिंग स्टेशन तक लाने-छोड़ने की व्यवस्था भी की जा सकती है। इसी प्रकार प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल हेल्थ केयर वैन, पीने के पानी आदि सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की पहल भी की जा सकती है।

अंत में हम यह भी नहीं कह सकते कि वोट देना नागरिकों का कर्त्तव्य है तो कुछ भी कैसी भी परिस्थिति का सामना कर के, वह अपने कर्त्तव्य का पालन करें। यदि कम होते वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी करनी है तो उपरोक्त कारणों और उनके उपायों पर भी गंभीरता से विचार किया जा सकता है, क्योंकि यदि ऐसे ही वोटिंग प्रतिशत कम होता गया तो इसे नागरिकों के लोकतंत्र से उठते विश्वास के रूप में भी देखा जायेगा, जो भारत जैसे विकासशील देश के लिए सम्मानजनक स्थिति नहीं है।

विश्लेषण

डॉ. सत्यवान सौरभ

# क्यों संदिग्ध है अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां ?



साहित्य किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण को साफ़-सुथरा रखने का काम करती है वहां की साहित्य अकादमियां। लेकिन सोचिये क्या होगा? जब देश या राज्य का आईना सही से काम न कर रहा हो तो वहां की सरकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। जी हाँ, ऐसा ही कुछ हो रहा है देश के राज्यों की साहित्य अकादमियों में। किसी भी राज्य की साहित्य अकादमी के अध्यक्ष है होते हैं राज्य के मुख्यमंत्री। मुख्यमंत्री जिस संस्था के अध्यक्ष हो वही संस्था अगर सही से काम न करें तो बाकी संस्थाओं की स्थिति का अंदाज़ा आप लगा सकते है।

आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते है ? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता। वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दण्ड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता।

*पुरस्कारों की दौड़ में खोकर,  
भूल बैठे हैं सच्चा सृजन ।  
लिख के वरिष्ठ रचनाकार,  
करते है वो झूठा अर्जन ।।

**पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है। जिसके तहत विभिन्न अकादमियां एक दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही है और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही है। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। साहित्य किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है।**

मस्तक तिलक लग जाए,  
और चाहे गले मे हार ।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही है। जब मैं इन संस्थाओं की कार्यशेळी देखता हूँ या इनके समारोहों से जुडी कोई रिपोर्ट पढ़ता हूँ तो सामने आता है एक ही सच। और वो सच ये है कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचाधारा वाली संस्थाएं आपस में अग्रीमेंट करके आगे बढ़ रही है। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। और ये सिलसिला लगातार चल रहा है अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। खासकर ये ऐसी खबर शेयर भी खुद ही आपस में करते है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते है सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं। जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाये। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बन्दर बाँट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है।

*अब चला हाशिये पे गया,  
सच्चा कर्मठ रचनाकार।  
राजनीति के रंग जमाते,  
साहित्य के ये ठेकेदार।।  
बेचे कौड़ी में कलम,  
हो कैसे साहित्यिक उद्धार।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

आज संस्थाएं एक दूजे की हो गयी है। एक दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी है। सरकारी पुरस्कार बन्दर बाँट कहे या लाठी का दम। जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदर बांट करने में लगी है।अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है। जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेगी तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेगी। सिविल सेवा कमिशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है। जिसके तहत विभिन्न अकादमियां एक दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही है और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही है। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। बिना साधना के कैसा साहित्य?

*देव-पूजन के संग जरूरी,  
मन की निश्छल आराधना।।  
बिना दर्द का स्वाद चखे,  
न होती पल्लवित साधना।।  
बिना साधना नहीं साहित्य,  
झूठा है वो रचनाकार।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

अब समय आ गया है कि देश की सभी राज्य अकादमियों को केंद्रीय साहित्य अकादमी की तरह सचमुच स्वायत बनाया जाए और इनका काम पूरी तरह से साहित्यकारों, कलाकारों को सौंपा जाए। किसी भी अकादमी के वार्षिक कार्यों की प्रगति समयानुसार और पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर देना होगा ताकि सच्चे साहित्यकारों का विश्वास उन पर बना रहे।

उदाहरण के लिए हरियाणा हिंदी साहित्य अकादमी के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा जिसका राज्य के साहित्यकार बेसब्री से इंतज़ार करते है, के वर्ष 2022 के परिणाम अभी 2024 में भी जारी नहीं हुए है। इससे आप अंदाज़ा लगा सकते है कि समाज को आईना दिखाने वाले किस क़द्र सोये पड़े है। हरियाणा हिंदी साहित्य अकादमी हर वर्ष 12 से अधिक साहित्यिक पुरस्कार जिसमें एक लाख से सात लाख तक की पुरस्कार राशि दी जाती है और श्रेष्ठ कृति के अंतर्गत पद्रह सौलह विधाओं में 31 -31 हज़ार रुपये की राशि सम्मान स्वरुप प्रदान करती है। इन पुरस्कारों के अलावा वर्ष भर की श्रेष्ठ पांडुलिपियों को चयनित कर उन्हें प्रकाशन अनुदान प्रदान करती है। लेकिन हरियाणा में सरकारी भर्तियों की तरह ये भी बड़ा दुखद है कि जो परिणाम अगस्त में घोषित होने थे; वो अगले साल कि जनवरी बीत जाने के बाद भी नहीं घोषित किये गए न ही साल 2023 का प्रपत्र जारी किया गया जिसमें आने वाले साल के लिए साहित्यकारों को आवेदन करना होता है; आखिर क्यों ?उम्मीद है कि राज्य सरकारें अकादमियों के वर्तमान विवादास्पद कार्यों की जांच कराएगी और अकादमी में योग्य और प्रतिभाशाली लेखक, कलाकारों को नियुक्त करेगी। ताकि देश भर पर भाषा, साहित्य और संस्कृति नित नए आयाम गढ़ती रहे।

## एक नजर

### रसोई गैस कनेक्शन धारियों का ई-केवाईसी 31 तक

**जगदलपुर, 25 मई।** जिले में गैस कनेक्शन धारियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है, उक्त कार्य को आगामी 31 मई तक अनिवार्य रूप से करवाने की अपील करते हुए खाद्य अधिकारी ने जानकारी में बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों ऑयल कम्पनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन ने अपने सभी एलपीजी ग्राहकों से निवेदन किया है कि वे अपने गैस कनेक्शन का बायोमेट्रिक ई-केवाईसी के माध्यम से 31 मई 2024 से पहले अपडेट करवा लेवें, ताकि आगे गैस रिफिल करवाने के लिए किसी प्रकार की समस्या न हो। जिस घर में जिनके नाम से गैस सिलेण्डर है, उन्हे सम्बंधित गैस एजेंसी में उपस्थित होकर बताना होगा कि सिलेण्डर प्राप्त करने वाला व्यक्ति वही है। इसकी पुष्टि के लिए एलपीजी उपभोक्ता से उनका आधार कार्ड मंगवाया जा रहा है। गैस एजेंसियों को ई-केवायसी के लिए मशीन दी गई है जिससे उन लोगों को अंगूठे का निशान लगाना है, जिनके नाम से गैस कनेक्शन है। इसके अलावा सुरक्षा जांच का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जो कनेक्शन 05 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं उन ग्राहकों को सिलेण्डर से लगी हुई सुरक्षा नली बदलने की सलाह दी जा रही है। सुरक्षा जांच के सत्यापन के लिए ग्राहक के गैस कनेक्शन से जुड़े हुए मोबाईल नंबर पर कंपनी द्वारा ओटीपी भेजा जाएगा।

### विज्ञान वाणिज्य केन्द्र दुर्ग व जगदलपुर में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 मई ।** शिक्षा सत्र 2024-25 में अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या जिला दुर्ग जगदलपुर में शिक्षक बनने की अभिरूचि रखने वाले विद्यार्थियों से प्रवेश हेतु 25 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं जो 12वीं कक्षा पूर्ण कर परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत् अंक से उत्तीर्ण हुए हैं, वे विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई के पश्चात् प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके लिए विज्ञान एवं वाणिज्य केन्द्र जिला मुख्यालय दुर्ग एवं जगदलपुर में जिला मुख्यालय अथवा आस-पास संचालित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में बी.एस.सी. गणित, विज्ञान, बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक अभिलेख एवं 05 पासपोर्ट साईज के फोटो आवेदन पत्र के साथ इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर में 25 मई सायं 05 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

### अवैध उर्वरक के परिवहन पर ट्रक सहित खाद जब्त

**जगदलपुर, 25 मई।** खरीफ फसल सीजन के प्रारंभ होने के पूर्व ही जिले में अवैध उर्वरक का परिवहन शुरू हो गया है। इस पर नियंत्रण करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के भण्डारण और वितरण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सक्रियता बरती जा रही है। इसी कड़ी में बीते 21 मई 2024 को विकासखण्ड दरभा के ग्राम केशापुर में ट्रक कंमाक यूपी 91 टी 6465 में मुजफ्फर नगर उत्तरप्रदेश से लगभग 600 बोरी डीएपी लेकर किसानों को विक्रय करने के लिए पहुंचा था। जिस पर कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के द्वारा तत्परता से इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल सह उर्वरक निरीक्षक श्री योगेश कुमार नाग,सहायक संचालक कृषि श्री लखनघर दीवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर श्री तरुण प्रधान द्वारा मौके पर पहुंच कर संबंधित ट्रक चालक से 600 बोरी डीएपी के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर ट्रक चालक के द्वारा दस्तावेज नहीं होना बताया गया। जिससे संदेह होने पर ट्रक कंमाक यूपी 91 टी 6465 सहित 600 बोरी डीएपी को जब्त कर पुलिस चैकी कामानार के अभिरक्षा में रखकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उक्त जब्त उर्वरक डीएपी का सैम्पल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है। उपसंचालक कृषि ने इस बारे में बताया कि जिले में बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के अवैध भण्डारण एवं परिवहन सहित शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय के प्रकरण पर विभाग द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसानों से अपील है कि बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के संबंध में अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड के कृषि कार्यालय,उपसंचालक कृषि कार्यालय अथवा जिले के बीज-उर्वरक गुण नियंत्रण कक्ष को सूचना देवें ताकि विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# एनएमडीसी ने किया अपोलो सुपरस्पेशलिटी मेडिकल कैम्प का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 25 मई।** एनएमडीसी अपोलो अस्पताल, बचेली में दिनांक 23 मई, 2024 को एनएमडीसी प्रबंधन के तत्वावधान में अपोलो सुपरस्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैम्प में अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से पधारे डॉ. मोहम्मद अतिक उर रहमान, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. साई किरण राजेश गुडाला, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. व्ही.व्ही.सीएच. शेखर रेड्डी, मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. कोण्डा रोहित, उदर रोग (जठरांत्र रोग) विशेषज्ञ ने मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श दिया, जिसका एनएमडीसी के अधिकारी/कर्मचारी, आदिवासी, नगरवासी एवं सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीणों ने भी लाभ ग्रहण किया।

यह मेडिकल कैम्प प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं पुनः सायंकाल 4.00 बजे से 6.30 बजे तक आयोजित किया गया। एनएमडीसी अपोलो अस्पताल, बचेली के प्रभारी मुख्य चिकित्सा प्रशासक डॉ. पी.सी.महन्त, ने बताया कि हर दो-तीन माह के अंतराल में एनएमडीसी प्रबंधन के तत्वावधान में अपोलो सुपरस्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन निरंतर एनएमडीसी अपोलो अस्पताल, बचेली मे किया जा रहा है, जिससे यहाँ के मरीजों विशेषकर आदिवासी एवं अन्य वर्गो के मरीज़ जो कि बाहर जाकर चिकित्सा सेवा प्राप्त करने में असक्षम हैं ऐसे मरीजों को इसका लाभ प्राप्त हो रहा है एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने से ऐसे मरीज जिन्हे निरंतर चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता होती है उन्हें भी इसका भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है।

एनएमडीसी, बी.आई.ओ.एम. बचेली कॉम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक, श्री बी. वेंकटेश्वरलू ने अपोलो सुपरस्पेशलिस्ट का बैलाडिला आगमन पर उनका आभार प्रकट किया एवं उनके द्वारा निरंतर दी जा रही सेवाओं की सराहना की। इस मेडिकल कैम्प को सफल बनाने में बी.आई.ओ.एम. बचेली कॉम्प्लेक्स के महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री धर्मेन्द्र आचार्य एवं उनकी टीम का भी भरपूर योगदान प्राप्त हुआ।

# आंधी ने सुकमा के किस्टाराम में जमकर मचाई तबाही, सीआरपीएफ कैंप को भारी नुकसान

**■ सुरक्षा बल के अस्पताल के अंदर तक तबाही**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 25 मई।** बस्तर संभाग के सुकमा जिले के अनेक हिस्सों में गुरुवार को तेज आंधी तूफान ने जमकर कहर ढाया। आंधी से जिले के किस्टाराम क्षेत्र में स्थित सीआरपीएफ कैंप को भारी नुकसान हुआ है।

सुकमा में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) बटालियन के कार्मिकों को ईलाज मुहैया कराने के लिए किस्टाराम कैंप के फील्ड अस्पताल ङ्क 212 बटालियन तथा बी- 212 बटालियन किस्टाराम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप और आसपास के इलाके में 23 मई को शाम लगभग 6.30 बजे काफी तेज आंधी तूफान एवं गरज के साथ बिजली चमकने व बारिश होने से भारी तबाही मची है। सीआरपीएफ कैंप में जवानों के आवास, बैरक, कैंप सुरक्षा हेतु बनाए गए मोर्चा पॉइंट, फील्ड अस्पताल के एमआई रूम, लैब रूम, एक्स-रे रूम, डिस्पेंसरी रूम आदि की छतों के टीन शेड व छतों पर लगी सिलिंग, कैंप परिसर की सुरक्षा के लिए बनाई गई चारदीवारी में लगे टीन शेड हवा में उड़कर दूर-दूर तक जा गिरे। अस्पताल तो बुरी तरह तबाह हो चुका है। अस्पताल के अंदर के कमरों में टूटकर लटकती सिलिंग, झूलती वायरिंग को देखकर लगता है कि तूफान की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा रही होगी। जब अंदर यह आलम था, तो बाहर के हालात कैसे रहे होंगे इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। तूफान से सरकारी संपत्ति का काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि इस घटना से जवानों को किसी प्रकार का शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा है, मगर तबाह हुए स्ट्रक्चर को फिर से स्टेबलिस करने में जवानों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**गांवों में गिरे पचासों पेड़ :** आंधी तूफान ने आंध्राप्रदेश की सीमा के करीब स्थित किस्टारम, लक्ष्मीपुरम समेत आसपास के कई गांवों और जंगलों में भी भारी तबाही मचाई है। कई घरों की छप्पर उड़ गई, टीन शेड उड़ गए और पचासों पेड़ उखड़ गए। जगह जगह बिजली के तार टूटने की भी खबर है। बिजली के कई खंभे भी टूटे हैं। इस वजह से गांवों में अभी तक ब्लैक आउट के हालात बने हुए हैं। सड़कों पर पेड़ और पेड़ों की मोटे तने टूटकर गिर गए, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। ग्रामीण गिरे पेड़ों को काटकर सड़कों पर आवागमन सुचारु बनाने में लगे रहे। वहीं अंचल के जंगलों में भी सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए हैं।

## समाचार संक्षेप

### जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन



**सुकमा, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन में जिला सुकमा के कवासी हडमा इंडोर स्टेडियम सुकमा में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तीनों विकासखंड सुकमा,कोंटा छिंदगढ़ के शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यमिक, हाई स्कूल छात्रा-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजन में सफल हुए प्रतिभागियों में कक्षा नवी से दसवीं से बालक वर्ग में तनय सेजस पावारास सुकमा, नीलेश, शिवकुमार नाग, भरत (हाई स्कूल मुरतोंडा) व बालिका वर्ग से कु वेयजंती (हाई स्कूल मुरतोंडा) कु.मंजू, कु यामिनी, कु दीपिका, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय रानीबहार छिंदगढ़ तथा कक्षा 6वी से 8वी वर्ग बालिका कु रीना मरकाम, कु लक्ष्मी, कन्या बालिका आवसीय विद्यालय रानीबहार छिंदगढ़, कु शालिनी कुंजाम कन्या आश्रम नागलगुंडा, कु प्रतिमा कन्या बालिका आवासीय विद्यालय रानीबहार का चयन संभाग स्तरीय ओलंपियाड के लिए शामिल किया गया द्य जिसका आयोजन 26 मई को जगदलपुर में आयोजित होगा। आयोजन के अवसर पर श्रीजी.आर. मांडवी, जिला शिक्षा अधिकार, श्री वीरूपाक्ष पुराणिक जिला खेल अधिकारी, श्री आशीष राम ए.पी.सी., श्री अनिल देवांगन बी.ई.ओ., श्री रामनारायण मिश्रा योगा प्रशिक्षक, श्री अशोक मिस्त्री सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### मतगणना सुपरवाईजरों, सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम चरण का प्रशिक्षण



**जगदलपुर, 25 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा कक्ष में गणना सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.की मौजूदगी में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर भी समझाया गया। वहीं मतगणना हेतु कंट्रोल यूनिट का हेंडआन भी करवाया गया।प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन दायित्व में मतगणना कार्य भी महत्वपूर्ण है इस दायित्व को निभाने के लिए जो अवसर मिला है, उसे समन्वय एवं तालमेल के साथ संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझें और प्रत्येक बारिकी को सीखें, ताकि अपने निर्धारित दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन कर सकें। गौरतलब है कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के ईव्हीएम मतों की गणना 14-14 टेबल में किये जायेंगे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में कंट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। वहीं मतगणना दलों के शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने सभी गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतगणना की प्रत्येक बारीकियों को सीखने-समझने कहा। वहीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा ने कहा कि मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो।

### वनधन विकास के लिए बिजनेस प्लान तैयार करने दिया जा रहा प्रशिक्षण

**धमतरी 25 मई।** राज्य वनोपज संघ रायपुर के मार्गदर्शन में जिले में वनधन विकास केन्द्र के लिए बिजनेस प्लान तैयार करने आगामी 26 मई तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि विशेष जनजाति कमार लोगों की आय में वृद्धि करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि लघु वनोपज संग्रहण के बाद उसका प्राथमिक, अंतिम प्रसंस्करण कर मूल्यवर्धन करने से आय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा लघु वनोपज संग्रहण, विपणन, संवर्धन, प्रसंस्करण, कृषि, वानिकी, लाख सहित अन्य माध्यम से लाभ लेना है, जिसके लिए 22 से 26 मई तक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कुल 70 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण लिया। इनमें जिला यूनियन धमतरी के 40, गरियाबंद के 20 और जिला यूनियन नारायणपुर के 10 शामिल हैं। इस अवसर पर उप प्रबंध संचालक धमतरी, रायपुर वृत्त, नारायणपुर सहित उप वनमण्डलाधिकारी बिरगुड़ी और नगरी उपस्थित रहे।

## एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लोगो का अनावरण




**हैदराबाद,25 मई।** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल), नगरनार ने सुस्थिर इस्पात उत्पादन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनएमडीसी स्टील प्लांट में गर्व के साथ अपने लोगो का अनावरण किया । इस अभिनव एवं प्रतीकात्मक लोगो का अनावरण श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने किया । इस अवसर पर श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), एनएसएल, श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएसएल, श्री के. प्रवीण कुमार, अधिशासी निदेशक, एनएसएल तथा एनएसएल एवं एनएमडीसी के कार्मिक और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे । यह लोगो एनएसएल के 'इस्पाती इरादे' का प्रतीक है और कंपनी की न केवल पूर्ण शक्ति, बल्कि उद्देश्य के साथ इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है । यह एनएसएल के नवाचार के साथ इस्पात उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है जिसने हॉट मेटल से एचआर कॉइल सिर्फ 9 दिनों में तैयार किया और मात्र 226 दिनों में 1 मिलियन टन का रिकार्ड उत्पादन किया । इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने कहा, ÷एनएसएल का यह लोगो हमारी पहचान और बस्तरिया (छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के लोग) के रूप में हमारे अंदर निहित असीम गर्व को दर्शाता है । यह सुंदरता के साथ छत्तीसगढ़ के डोकरा कला शैली को दर्शाता है, जो कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय समुदाय के साथ हमारे प्रगाढ़ संबंधों को उजागर करता है । उन्होनें आगे कहा कि यह लोगो न केवल एक पहचान है, बल्कि उच्च गुणवत्ता के इस्पात उत्पादन के साथ इस्पात उद्योग के भविष्य को गढ़ने के एनएसएल के उद्देश्य का जीवंत प्रतीक है । यह प्रकृति, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और सुस्थिरता को समाहित करता है, जो इस्पात की समस्त टैपिस्ट्री में सहजता से गुँथे हुए हैं । यह 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है और भारत के बुनियादी ढांचे एवं औद्योगिक प्रगति में योगदान करता है । लोगो के अनावरण के बाद, एनएसएल ने अपनी पहली वार्षिक योजना बैठक आयोजित की । वार्षिक योजना बैठक में पिछले वर्ष की सफलताओं को आगे बढ़ाने, परिचालन चुनौतियों का समाधान करने और सुस्थिर बनाने, और आने वाले वर्षों के लिए कार्यनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया । बैठक में उत्पादन क्षमता बढ़ाने, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने तथा नवाचार और उत्कृष्टता की गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया । एनएसएल की पहल इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनने, सुस्थिर प्रथाओं को बढ़ावा देने और देश के बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने के अपने विजन के अनुरूप है ।

## लोकसभा: मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत द्वितीय चरण में गत 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न हुआ। इसके तहत प्राप्त मतों की गणना आगामी 04 जून को सम्पन्न होगी। मतगणना कार्य के लिए कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री अभिजीत सिंह की उपस्थिति में आज कांकेर सहित बालोद, कोंडागांव और धमतरी जिले के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं ईव्हीएम के नोडल अधिकारियों सहित डाक मतपत्र/ईटीपीबीएस के नोडल अधिकारी व सुरक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर से आए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया गया। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के सभाकक्ष आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मतगणना कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। मतगणना कार्य के संबंध में कोई परेशानी हो तो उसे मतगणना दिवस के पूर्व ही उसका समाधान कर लें, ताकि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गणना एजेंटों की नियुक्ति करते समय विशेष सावधानी बरतें। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नियुक्ति के संबंध में आयोग के नियम व निर्देशों की जानकारी दें। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विधानसभावार अलग-अलग कलर कोड निर्धारित करते हुए आईडी जारी करने के निर्देश दिए, जिससे पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना कार्य संपन्न हो सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षकों द्वारा स्ट्रांग रूम खोलने से लेकर मतगणना के बाद परिणाम घोषित होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया के साथ बारे में जानकारी दी गई।

**भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी**

# मतगणना संबंधी निर्देशों से रूबरू हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत आगामी 04 जून को मतगणना की जाएगी। मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों, प्रावधानों व निर्देशों की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दी। इस दौरान उन्होंने डाक मतपत्रों की गणना, गणन अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतगणना कक्ष में प्रवेश, बैठक व्यवस्था सहित विभिन्न निर्धारित प्रारूप एवं काउंटिंग हॉल में प्रवेश के दौरान प्रतिबंधित सामग्री आदि के बारे में जानकारी दी। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम 05 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 04 जून को ठीक सुबह 08 बजे ग्राम नाथियानवागांव स्थित पॉलिटेक्निक के हॉल में मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रेक्षक एवं अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा, जिसके बाद ईव्हीएम को निर्धारित टेबलों में चक्रवार गणना हेतु पहुंचाया जाएगा। इसके पहले सुबह 05 बजे पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस का स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। यह भी बताया गया कि सबसे पहले डाकमत पत्र एवं ईटीपीबीएस में प्राप्त मतों की गणना की जाएगी। इसके उपरांत ईव्हीएम में पडे वोटों की गिनती शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतगणना कक्ष में 14-14 टेबल होंगी तथा प्रत्येक टेबल हेतु नियुक्त 01-01 गणन अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। इसी तरह एआरओ टेबुलेशन के लिए 01 अभिकर्ता नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह डाकमत पत्रों की 16 गणना टेबल रहेगी, जहां पर प्रत्येक में 01-01 अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा आरओ टेबल पर अभ्यर्थी स्वयं या निर्वाचन अभिकर्ता अथवा उनकी अनुपस्थिति में 01 गणन अभिकर्ता को रखे जाने का प्रावधान आयोग द्वारा किया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणन अभिकर्ताओं की नियुक्ति एवं पात्रता शर्तें, फोटोयुक्त पहचान पत्र, मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु दिशानिर्देश, उनकी बैठक व्यवस्था तथा काउंटिंग हॉल के भीतर ले जाने योग्य सामग्री व प्रतिबंधित सामग्रियों के बारे में बताया, साथ ही विभिन्न प्रपत्रों एवं प्रारूपों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल में मोबाईल फोन, आई-पैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, पेनड्राईव, एमपी-3 प्लेयर, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पानी बोतल आदि लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, जबकि मतगणना के परिणामों की गिनती के लिए उपस्थित एआरओ द्वारा अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ता को कैल्कुलेटर प्रदाय किया जाएगा। बैठक में निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 08 विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग किए गए डाकमत पत्र और ईटीपीबीएस की गणना नाथियानवागांव स्थित गणना कक्ष में किया जाएगा। उन्होंने अब तक प्राप्त पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस की संख्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत अब तक कुल 03 हजार 632 डाकमत पत्र और 02 हजार 694 ईटीपीबीएस प्राप्त हो चुके हैं।

### जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए अब लाईन लगाने की जरूरत नहीं

**धमतरी 25 मई ।** जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए अब मरीजों अथवा उनके परिजनों को लाईन लगाने की जरूरत नहीं है, अभा एप के जरिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। जिला अस्पताल अब पूरी तरह डिजीटलाईज्ड हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मंडल ने बताया कि मोबाईल एप (आभा) आयुष भारत हेल्थ एकाउंट के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन स्वयं के मोबाईल से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद यूनिक आईडी नंबर मिलेगा, जो 14 डिजीट (आभा कार्ड) होगा। उक्त नंबर को चॉईस सेंटर या खुद के कम्पयूटर अथवा जिला अस्पताल के किसी भी काउंटर से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर बताकर प्रिंट निकाला जा सकता है। इस डिजीटल कार्ड में मरीज की सम्पूर्ण चिकित्सकीय जानकारी अंकित होगी। जिला अस्पताल सलाहकार श्री गिरीश कश्यप ने बताा कि जिला अस्पताल में आभा एप रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड चस्पा किया गया है। मरीज अपने मोबाईल के माध्यम से क्यूआर कोर्ड स्कैन कर ओपीडी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1100 लोग रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक बार रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद आभा कार्ड जनरेट होगा।

एक नजर

## श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**खरसिया,25 मई।** श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर खरसिया में शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारियां जारी है। मंदिर के पुजारी श्री राजू शर्मा ने बताया की कलश यात्रा एवं भव्य शोभा यात्रा दिनांक- 06.06.2024, दिन- गुरुवार शाम 05 बजे एवं ज्योत प्रज्वलित रात्रि 10 बजे तथा पूजन एवं माला जाप व शनिदेव तेल अभिषेक दिनांक- 07.06.2024, दिन- शुक्रवार, हवन पूर्णाहुति एवं दरिद्र नारायण भोजन दिनांक- 08.06.2024, दिन- शनिवार सुबह 09 से 12 बजे तक किया जावेगा। । जिन भक्तगणों को ज्योत के लिए रसीद कटवानी हो वे शनि मंदिर में संपर्क करें। पंडित शर्मा ने क्षेत्रवासियो से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होवें एवं पुण्य के भागी बने।

### विद्यालय पड़िगांव में समर कैम्प आयोजित



**रायगढ़, 25 मई।** शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में सर्वाधिक विकास के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय-पड़िगांव में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप कराए जा रहे है। समर कैंप में विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, करसिव राईटिंग, चित्रकारी सिखायी जा रही है। योग व्यायाम के साथ-साथ गायन वादन कला भी सिखाया जा रहा है। समर कैंप में स्कूल के सभी विद्यार्थी अपनी रूचि अनुरूप विभिन्न विधाओं में भाग ले रहे है। इस वर्ष विद्यालय के परीक्षा परिणाम भी विगत वर्षो से बेहतर रहा। हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत एवं हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। विद्यालय की ओर बच्चों को ओआरएस की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है। शासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विभिन्न प्रकार के विधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है।

### भविष्य निर्माण हेतु जिला-स्तरीय कैरियर काउंसिलिंग 'उत्कर्ष-भविष्य की उड़ान' होगा आयोजित

**रायगढ़, 25 मई।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 25 मई को कक्षा 10 वीं से 12 वीं अध्ययन कर रहे बच्चों को लिये बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन 'उत्कर्ष-भविष्य की उड़ान' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ नगर निगम सीमा क्षेत्र के स्थानीय शासकीय स्कूलों के 500 बच्चे एवं उनके पालक शामिल होंगे।ज्ञात हो वर्तमान में रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर 20 से 30 मई 2024 तक शासकीय शालाओं में समर कैम्प का आयोजन किया का रहा है, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग थीमों पर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसके साथ ही जिला स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये है, इसी कड़ी में 25 मई को कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, सैन्य सेवा, चिकित्सा में प्रवेश, इंजीनियरिंग, पॉलिटेनिक एवं आईटीआई में प्रवेश, विधि सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में सेवा, कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जायेगा।

### होमगार्ड कार्यालय के निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 12 जून को

**रायगढ़, 25 मई।** जिला होमगार्ड कार्यालय, रायगढ़ में उनके निष्प्रयोज्य (कंडम)घोषित सामग्रियों (जिसमें वर्दी सामग्री फुलपेन्ट, कमीज, टोपी, बैच, कन्धा बैच, जूते, मौजे, दरी, मच्छरदानी, किट बाक्स, फायर सामग्री आदि)की नीलामी 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना चांदमारी कैम्प रायगढ़ में की जाएगी। नीलामी बोली कर्ता नीलामी तिथि को सुबह 10 बजे तक नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को कार्यालय में देख सकेंगे। इस संबंध में नियम-शर्तो सहित अन्य विस्तृत जानकारी के लए जिला सेनानी नगर सेना, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### अहाता के अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 27 मई को

**रायगढ़, 25 मई।** रायगढ़ जिले के देशी/विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता के अनुज्ञप्तिधारियों का 27 मई 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में चयन कार्यवाही संपन्न होगी।

# प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित पूछे प्रश्न



रायगढ़, 25 मई। लोकसभा निर्वाचन के लिए 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में आज मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिसका कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने क्रमशः सभी कक्षों में निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में बरती जानी वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने मतगणना कक्ष में मशीनों के पहुंचने पर सर्वप्रथम मशीनों का सील चेक करना, गणना अभिकर्ताओं को रिजल्ट दिखाना, प्रपत्र भरना, टेबुलेशन का कार्य जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम मशीन में होने वाले डिस्प्ले, मतगणना कक्ष में निषेध सामग्रियों एवं आवश्यक सावधानियों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षण के दौरान किसी भी तरह के डाउट होने पर मास्टर ट्रेनर से तत्काल क्लियर करने और प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के शंका होने पर बेहिचक पूछने की बात कही।पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मतगणना कार्य हेतु मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर सहित 280 कर्मचारियों को अलग-अलग 6 कक्षों में प्रथम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 3 जून को दिया जाएगा तथा विधानसभावार कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा से रेण्डम चयनित 5 वीवीपैट मशीनों की पर्चियों की गणना की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में एक टेबल वीवीपैट गणना बूथ बनाया जाएगानिरीक्षण के दौरान एसडीम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे, नायब तहसीलदार श्री हरनंदन बंजारे, नायब तहसीलदार श्री गिरीश निम्बलकर, नायब तहसीलदार श्री सुरेन्द्र कश्यप, जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सहकारी समितियों से खाद-बीज एवं ऋण के अग्रिम का ले सकते हैं लाभ

**रायगढ़, 25 मई।** खरीफ विपणन वर्ष 2024 हेतु रायगढ़ जिले के अंतर्गत समस्त 69 सहकारी समितियों में खाद-उन्नत बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु शासन द्वारा दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है।

रायगढ़ जिले के समस्त किसानों को जिले के अंतर्गत स्थित 69 सहकारी समितियों से खाद-बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त किसान अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर परमिट/रसीद कटाकर खाद-उन्नत बीज तथा खेती हेतु असक्षम किसानों के लिए फसलीय ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

जिससे जिले के किसानों को बुवाई के पूर्व/मानसून के पूर्व खाद-बीज एवं उन्नत बीज (यूरिया, डीएपी, एनपीके, सुपर-पोटास)तथा धन (फसलीय ऋण)की आपूर्ति न हो।

# कैरियर मार्गदर्शन में बच्चों ने जाना आगे कैसे करें पढ़ाई, जिससे भविष्य हो सुरक्षित



### पंचपारा में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

**रायगढ़, 25 मई।** समर कैंप के चतुर्थ दिवस संकुल पंचपारा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोसमंदा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला, प्राथमिक विद्यालय नवापारा के बच्चों को भविष्य के लिये लक्ष्य निर्धारण करने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का मार्ग प्रशस्त करने पोस्टल विभाग से पोस्ट ऑफिस रेंगालपाली की कु.प्रियंका साव,संजय चौधरी, पंचायत विभाग से सचिव, विक्रम पटेल इंजीनियर, संजू कुमार सहा. डाकपाल, आशा गुप्ता, पुलिस विभाग से टीकाराम बरेठ, आनंद थाना पुसौर ने अपना अमूल्य समय दिया। सभी ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुये भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने के टिप्स दिये। आगंतुक सभी मेहमानों से मिलकर बच्चे बहुत खुश हुए व उनसे उनके कार्य के बारे में कई प्रकार के प्रश्न पूछे। बच्चों के पूछे गये सवाल का सभी बेहतरीन तरीके से बच्चों को समझाया। आज के मार्गदर्शन कार्यक्रम को पालकों ने प्रशंसा करते हुये सभी स्कूलो में आयोजित करने को कहा। कार्यक्रम में रंजिता महाणा प्रधान पाठक, सरोजिनी सिदार, सुजाता गुप्ता कोसमंदा, सुनीता प्रधान, नीतू प्रधान, जानकी प्रधान बाघाडोला, जयंती गुप्ता, प्रशांत बारीक नवापारा उपस्थित रहे।

### नक्सलियों ने किया 26 मई को बंद का आव्हान





**बीजापुर, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सलियों ने फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाते 26 मई को बंद का आव्हान किया है अपने बैनर पोस्टर पर केंद्र और राज्य सरकार को आदिवासी विरोधी बताते बीजापुर जिले के आवापल्ली उसूर मार्ग को कई स्थानों पर काट कर आवागमन अवरुद्ध किया। बावजूद जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स ने तत्काल मार्ग को बहाल कर आम जनो को राहत पहुंचाई है नकसलियों ने अपने बैनर पोस्टर पर केंद्र और राज्य सरकार पर.आरोप लगाया है कि ये आदिवासी विरोधी सरकार है और फर्जी मुठभेड़ से निर्दोष ग्रामीणों को मार रही है

# सरायपाली विकासखण्ड के पैकिन में की गई पेयजल की व्यवस्था

**महासमुंद 25 मई ।** ग्रीष्मकाल में कई गांव में पेयजल समस्या संबंधी जानकारी मिलने के पश्चात प्रशासन ने गंभीरता से प्रयास करते हुए जल आपूर्ति के लिए तत्काल कदम उठाए हैं।कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देश पर ऐसे गांव में आवश्यकता अनुसार बोर खनन के निर्देश दिए हैं। जहां वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है वहां व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं । कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म काल में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने जनपद के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ऐसे गांव का चिन्हांकन कर विशेष व्यवस्था कर करने के निर्देश दिए है।



सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पैकिन के डीपापारा मोहल्ला में बोर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या आ गई थी। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए मोहल्ला वासियों को निजी बोर से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा लगभग 100 मीटर की दूरी पर सार्वजनिक बोर से भी पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद सीईओ श्री अमित हालदार ने बताया कि बोर खराब की सूचना मिलते ही उसकी मरम्मत करके बोर चालू कर दिया गया है। इसके अलावा एक नया बोर खनन भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंचल में पेयजल की समस्या को लेकर प्रकाशन सचेत है और तत्काल पेयजल उपलब्धता के लिए प्रयासरत है।

### ग्राम बोरिद में दो सोलर पम्पों से आपूर्ति

इसी तरह महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चुहरी के आश्रित गांव बोरिद में पेयजल की माकूल व्यवस्था की गई है। जनपद सीईओ श्री मंडावी ने बताया कि यहां गांव में दो सोलर पंप लगाए गए हैं। वहीं स्कूल परिसर में स्थित बोर को भी ग्रामीणों के लिए बाहर निकाल कर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा एक हैंड पंप में विद्युत मोटर डालकर चालू किया गया है और पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह प्रयास है कि लोगों को पेय जलापूर्ति के लिए किसी तरह की समस्या न हो।

# स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम के जरिये बीजापुर में शिक्षा के लिए जन आन्दोलन की शुरूआत



**बीजापुर, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा शालात्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों के लिए शिक्षा से जोड़ने के महाअभियान स्कूल वेंडे वर्राट पडूंम की शुरूआत कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा की गई। नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभियान की शुरूआत करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने में यह अभियान एक मिसाल बनेगा। कार्यक्रम में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र गावड़े, डीईओ श्री रमेश निषाद, डीएमसी श्री विजेन्द्र राठौर सहित सभी विकासखण्डों के बीईओ, बीआरसी, संकुल समन्वयक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने स्कूल फिर चलें अभियान ÷स्कूल वेंडें वर्राट पडूंम÷ की शुरूआत कर सर्वे के संबंध में सर्वेदल के सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। शालात्यागी एवं अप्रवेशी बच्चें जिले में काफी तादाद में हैं जिनके कारणों को जानना शासन और प्रशासन के लिए आवश्यक है तभी उन कारणों का निदान कर शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की जा सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में विकास किए बिना हम सामाजिक और आर्थिक रूप से किसी भी समाज के विकास की परिकल्पना नहीं कर सकते। बच्चों की शिक्षा में बाधक तत्व जो हैं उन्हें जिम्मेदारी से जानना पहला प्रयास है इसके बाद हम उन्हे शिक्षा से जोड़ने के विकल्प पर योजना बनाकर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। जिला प्रशासन सभी विभागों से समन्वय कर बच्चों के भविष्य को सवारने की दिशा में पहल कर रहा है इसमें हमारे सभी मैदानी अमले की मेहनत ज्यादा महत्वपूर्ण है। हमने देखा है कि प्राथमिक से लेकर हाईस्कूल तक बच्चों के पढ़ाई से वंचित रहने और छोड़ने के पीछे अलग-अलग कारण होते हैं उन्हें दूर करने के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्य करने की जरूरत है। जिले में ऐसे बहुत से गांव है जहां कतिपय कारणों से शिक्षा व्यवस्था की पहुंच नहीं है हम इस अभियान के जरिये घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। यह अभियान बीजापुर के बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए मिसाल बनकर आदर्श स्थापित करेगा।इस अवसर पर बीजापुर के तोड़का, भैरमगढ़ के जब्बे, उसूर के मोदकपाल, और भोपलपटनम के सर्वे दल से सवांद स्थापित कर कलेक्टर ने अभियान के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और उन्हे बेहतर कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम के सम्पन्न होने के पश्चात कलेक्टर ने धनोरा गांव का भ्रमण कर सर्वे की वस्तुस्थिति का जायजा लिया और शालात्यागी बच्चों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# कलेक्टर के निर्देश पर कुपोषण से निजात पाने मैदानी अमला सक्रिय



**बीजापुर, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण से निजात पाने के लिए सभी स्तरो पर कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में जिन-जिन केन्द्रों में रनिंग वाटर की उपलब्धता है, ऐसे केन्द्रो में शतप्रतिशत पोषण बाड़ी तैयार करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनांग द्वारा सभी परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक को लक्ष्य दिया गया है। इस दिशा में पहल करते हुए एकीकृत बाल विवकास परियोजना भोपालपटनम, सेक्टर वरदली से पर्यवेक्षक श्रीमती अंकिता प्रजापति के द्वारा आंगनबाडी केन्द्र लिंगापुर की कार्यकर्ता श्रीमती अनीता यालम एवं सहायिका श्रीमती अर्चना तालापल्ली को प्रेरित कर आंगनबाडी केन्द्र में पोषणबाडी बनवाया गया है। उस पोषणबाडी में हरी साग सब्जी लगायी है और उस बाड़ी से हरी सांग सब्जी आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों और हितग्राहियों को गर्म भोजन के साथ हरी साग भाजी को खिला रही है, केन्द्र में वर्तमान में भिंडी, भाटा, खटटा भाजी, मुनगा भाजी, निकल रहा है, जिससे केन्द्र के बच्चे गर्म भोजन के दौरान हरी सब्जियों से लाभांवित हो रहे है। आंगनबाडी कार्यकर्ता अनीता यालम अपने सेक्टर सुपरवाईजर के साथ प्रत्येक हितग्राही के घर गृहभेट कर अपने आंगनबाडी केन्द्र अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को भी अपने घरों में पोषणबाड़ी बनाकर हरी साग भाजी उगाने हेतु प्रोत्साहित कर रही है।

प्रत्येक हितग्राही के घर पर पोषणबाड़ी हो इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। ताकि सभी हितग्राही खाने में अपने घर की हरी सब्जियों का उपयोग आसानी से कर पाये, आंगनबाड़ी केन्द्र लिंगापुर में कुल 30 बच्चें केन्द्र से लाभांवित हो रहे है वर्तमान में केन्द्र में कुल 2 मध्यम बच्चे है एवं 1 बच्चा गंभीर की श्रेणी में है जिसको की पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया गया है। केन्द्र में कुल 2 गर्भवती महिला है जिसको नियमित रूप से कार्यकर्ता एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अंकिता प्रजापति द्वारा गृह भ्रमण कर परामर्श भी किया जा रहा है।

साथ ही नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है, उनके घर जाकर पति एवं सास का भी संयुक्त रूप से परामर्श कर पोषण आहार के बारे में जानकारी भी दिया जा रहा है।

# जिले में संचालित रेत खदानों के लिए कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**कांकेर, 25 मई ।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम के तहत् जिले में कुल 07 रेत खदान स्वीकृत एवं संचालित हैं। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने उक्त स्वीकृत एवं संचालित रेत खदानों के लिए आदेश एवं निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी रेत खदानों में रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा ( स्ह्वठ्ठह्वड्डद्यद्य4) की जाए तथा रिवर बेड ( ऋद्ब1द्गह्म-ड्ढद्गस्र) में भारी वाहनों को प्रवेश न दिया जाए। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे ( श्च×ष्ड्ड1ड्डह्लद्बश्ठ्ठ ड्ढद्गस्र) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने रेत खनन कार्य में लगे सभी श्रमिकों के बैंक खाते खुले हैं या नहीं, यह सुनिश्चित करने कहा है। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि यदि खाते नहीं खुले हैं तो खुलवाया जाए एवं श्रमिकों को भुगतान ग्राम पंचायत के खाते से किया जाए। किसी कारणवश या अपवाद की परिस्थिति में खाते में पैसे नहीं जा रहे हैं तो नगद राशि सरपंच, वार्ड पंच, उपस्थित अन्य गवाहों की उपस्थिति में किया जाए और उसका वीडियो रिकॉर्ड कर अभिलेख के रूप में रखा जाये। श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान करने हेतु श्रम विभाग द्वारा जारी न्यूनतम दर का पालन किया जाए। खदान संचालक द्वारा न्यूनतम मजदूरी दर का पालन हो रहा है या नहीं इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा प्रतिमाह पालन प्रतिवेदन लिया जाये।कलेक्टर ने खनिज अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि रेत के विक्रय का संपूर्ण रिकॉर्ड संबंधित पंचायत एवं उत्खनिपट्टाधारी द्वारा रखा जाए एवं प्राप्त राशि निर्धारित बैंक खाते में ही जमा की जाए। पंचायत द्वारा प्राप्त राशियों की आय-व्यय संबंधी कैश बुक संधारित किया जाए। मजदूरों को भुगतान उसी खाते से किया जाए जिसमें रायल्टी एवं प्रीमियम राशि जमा की जाती है। नाकों से परिवहन होने वाले रेत वाहनों की अभिवहन पारपत्र का शत-प्रतिशत जांच की जाए एवं वाहनों में ओव्हर लोड पाए जाने पर आर.टी.ओ. एवं पुलिस विभाग को सूचित कर कानूनी कार्यवाही किया जाए। नाकों में संधारित पंजी में वाहन तथा खनिज का पूर्ण विवरण जैसे वाहन मालिक का नाम, वाहन चालक का नाम, वाहन क्रमांक, वैध अभिवहन पार पत्र, की जानकारी आदि रखा जाए। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि पंजी में दर्ज वाहनों की ग्राम पंचायत से जारी पंजी से प्रति सप्ताह मिलान किया जाकर विसंगति होने की स्थिति में ग्राम पंचायत, वाहन मालिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। गैर स्वीकृत खदान से अवैध परिवहन करने वाले वाहनों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) नियम, 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अतिरिक्त भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247 के तहत भी कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिन क्षेत्रों में अवैध रेत खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही है उन क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखा जाए तथा उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही किया जाए।

### रेत खदानों पर निगरानी हेतु कलेक्टर ने नियुक्त किए अध्यक्ष और नोडल अधिकारी

जिले में कुल 06 रेत खदान तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय के 01 खदान स्वीकृत एवं संचालित है, जिसमें रेत उत्खनन हेतु चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरौद, माहुद, भुईगांव, भिरौद, तेलगुड़ा, करिहा तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम पंचायत पित्तेफुलचुर शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त रेत खदानों हेतु अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया है तथा जिला अंकेक्षक प्रभारी श्री बृजलाल देवा को नोडल एवं करारोपण अधिकारी श्री नारायण सिंह कुरेटी, श्री दिलदार सिंह मरकाम और श्री रमेश कुमार किशोरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। सहायक नोडल अधिकारी के साथ खनिज विभाग से श्री ज्ञानी प्रकाश कोसले अनुरेखक जांच दल को सहयोग प्रदान करेंगे।

### अहाता अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 27 मई को जिला पंचायत सभा कक्ष में

**महासमुंद 25 मई ।** वर्ष 2024-25 के लिए महासमुंद जिले में संचालित देशी मदिरा दुकान बसना, विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक, विदेशी मदिरा दुकान बसना, विदेशी मदिरा दुकान गढ़फुलझर तथा विदेशी मदिरा दुकान लक्ष्मीपुर के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों हेतु अनुज्ञप्तियों का ऑन-लाईन पद्धति से निविदा के माध्यम से व्यवस्थापन के अंतर्गत अहातों के अनुज्ञप्तियों के आबंटन के लिए 18 से 24 मई 2024 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किये गये थे। जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया कि उक्त निविदा के तहत् अनुज्ञप्तिधारी के चयन की कार्यवाही 27 मई 2024 को प्रातः 11.00 बजे से जिला पंचायत, महासमुंद के सभा कक्ष में किया जायेगा। चयन प्रक्रिया के दौरान निविदादाताओं को निविदा की प्राप्ति अभिस्वीकृति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# मतगणना अधिकारी और माइक्रोआब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

## लोकसभा निर्वाचन 2024: मतों की गिनती के लिए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 मई।** लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष एवं जनदर्शन कक्ष में 170 मतगणना अधिकारियों तथा 85 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने प्रशिक्षण प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने 04 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझने के लिए भी प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि जिले के तीनो विधानसभा कसडोल-44, बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा -46 के इव्हीएम मतों की गणना 4 जून को नवीन मंडी परिसर में होगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष में 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर एस के तिवारी के द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिंग प्रोसीजर व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे सहित तीनो विधानसभा के एआरओ एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली अपराधों की समीक्षा बैठक



**बलौदाबाजार, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24 मई को दोपहर 12.00 बजे से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि के मामलों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सदानंद कुमार द्वारा स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि क्षेत्र अंतर्गत अपराधिक, अंवैधानिक एवं असमाजिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तार करे। जिले के कई थाना/चौकी में काफी अधिक संख्या में अपराधों के लंबित रहने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में नाराजगी व्यक्त कर एवं सबंधित प्रभारियों को फटकार लगाते हुए मौके पर ही उनकी सेवा पुस्तिका में सजा आदेशित किया गया। उन्होंने संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी 15 दिवस में सभी लंबित अपराधों का निकाल करने हेतु हिदायत दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा धारा 363 भादवि के मामले में गुम बालक–बालिकाओं की सकुशल वापसी के लिए साइबर टीम का सहयोग को लेकर समुचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री, विशेषकर महुआ शराब का निर्माण कर बिक्री करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर, महुआ दारू पर रोक लगाने हेतु समस्त प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र अंतर्गत थाना/चौकी का नियमित अंतराल में निरीक्षण कर, अपराध, मर्ग, शिकायत आदि का पर्यवेक्षण करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निकल करने हेतु निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

■ **जिले के कई थाना-चौकी में अधिक संख्या में अपराधों के लंबित रहने पर जताई नाराजगी, प्रभारियों को लगाई फटकार**

### सतनामी समाज एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कोपेडीह में स्वरोजगार प्रशिक्षण का आयोजन



**बलौदाबाजार, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम कोपेडीह के ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी अध्यक्ष कपिल देशलहरे के अनुरोध पर कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश मे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। वहीं गांव के ऐसे युवा जो स्वरोजगार अथवा उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें उद्योग विभाग की ओर से मिलने वाले ऋण की जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतनामी समाज जिला धमतरी ने अनुरोध पर जिला प्रशासन के द्वारा रोजगार/स्वरोजगार शिविर का आयोजन ग्राम कोपेडीह में शुक्रवार को किया गया था। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि सहायक संचालक कौशल विकास विभाग से डां शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक सत्यप्रकाश,जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग से प्रचेता किरण छिरेदा, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भखारा से कविंद्र साहू,आई टी आई कुरूद से प्रशिक्षण अधिकारी मिनती बेन, प्रथम अरोरा केंद्र कुरूद से चंद्रकांत ने बारी बारी से विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। ज्ञात हो जिले में बेरोज़गारी की समस्या से युवाओं को निकालने उन्हे रोज़गार का अवसर प्रदान करने जिला प्रशाशन के द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोपेडीह के बेरोजगार युवक/युवतियों को उद्यम और व्यापार से जोड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें गांव के लगभग 50 इच्छुकों ने कार्यशाला मे भाग लिया।युवक/युवतियों का मानना है कि सतनामी समाज एवम् जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यशाला में भाग लेकर उन्हे शासन के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिली है।आने वाले समय में इस रोजगारोन्मुखी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वलंबी बनेंगे। प्रशासन की ओर से योजनाओं की जानकारी देने पहुंचे विभिन्न विभागों के अधिकारियों का जिला सतनामी समाज के द्वारा स्वेत गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस सार्थक पहल के लिए अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे, सलाहकार डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, राजा बंजारे, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूषण जांगड़े, मनीष कुमार जालमपुर, कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती, मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश रात्रे,मीडिया प्रभारी प्रीतम टंडन,अजीत जांगड़े,कोपेडीह से कमलेश बंजारे,बलराम महिलांगे, प्रदीप बंजारे, कमल सोनवानी,संदीप कुमार माथुर,तिलक खुटे, योगेश्वर चंदेल,कुंदन,रोशन रात्रे,कालेश्वर रात्रे,यशवंत बंजारे, शेषराज रात्रे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### 38 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 23 मई को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर अंजोर सिंह मांझी देव निराला मेघनाथ साहू द्वारा आरोपियो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 38 पाव देशी मशाला शराब 6.840 लीटर कुल कीमती 4180 रूपये रूपये को जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 351/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आबकारी एक्ट में गिरफ्तार आरोपी लेखराम ध्रुव पिता पिरित राम ध्रुव उम्र 32साल सकिन खमहरिया चांपा थाना पलारी है।

### 115 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सरगुजा 25 मई।** सरगुजा पुलिस ने नशीली प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 115 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत प्रतिबंधित मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले संदेहियो/आरोपियों पर लगातार सख़्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम के दिनांक 23/05/24 कों थाना गांधीनगर पुलिस टीम कों जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि राजमोहनी देवी भवन अम्बिकापुर के बगल गली मे बाइक सीजी/30/बी/9001 सवार दो संदिग्ध युवक मोहित कुमार शर्मा उर्फ़ मोहित भारद्वाज एवं माशुक खान अपने कब्जे मे भारी मात्रा मे प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राजमोहनी देवी भवन के बगल गली मे संदेहियो की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया पूछताछ मे संदेहियो द्वारा अपना नाम मोहित कुमार शर्मा उर्फ़ मोहित भारद्वाज उम्र 26 वर्ष साकिन रायपारा साईं मंदिर रोड़ सुभाषनगर थाना गांधीनगर तथा माशुक खान उम्र 23 वर्ष साकिन बरडीह मस्जिद के बगल मे थाना लुन्ड्रा हाल मुकाम गोधनपुर थाना गांधीनगर का होना बतया, पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर झोला मे रखे हुए कुल 115 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन किमती अनुमानित 57000/- रुपये जप्त किया गया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया।

## राजस्व मंत्री के निर्देश के बाद भी अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग का बेखौफ कारोबार

# प्रशासन की चुप्पी संदेहास्पद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**सिमगा, 25 मई।** प्रदेश के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय बलौदा बाजार में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक के दौरान बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर चंदन कुमार को दिए थे साथ ही सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने संबंधीत निर्देश का पालन नहीं करते हुए राजस्व विभाग सिमगा, उपपंजीयक विभाग सिमगा एवं नगर पंचायत सिमगा के संरक्षण एवं मिलीभगत से रायपुर तिल्दा भाटापारा एवं अन्य स्थानों के बड़े जमीन दलालों द्वारा सिमगा स्थानीय जमीन दलालों के माध्यम से रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग में नया बस स्टैंड के सामने अनुमानित 700 रूपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से आठ प्लॉट तथा बिलासपुर मार्ग में खडंवा रोड कालेज के पास लगभग दो एकड़ भूमि पर बाहरी जमीन दलालों द्वारा अनुमानित 700 रूपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से लगभग 30 की संख्या में अवैध प्लाटिंग कर रजिस्ट्री एवं भूमि ब्यपवर्तन, डायवर्सन किया जा रहा है। संबंधित कार्यालयों में सब का रेट फिक्स है। अवैध प्लाटिंग स्थल पर डोजर, पोकलैंड से प्लेन कर मकान दुकान गोदाम निर्माण सीमेंट पोल से बाउंड्रीवॉल मूरूम के रास्ते बनाए गए हैं। यही स्थिति सिमगा ब्लॉक के ग्रामों की है। रसूखदार जमीन दलाल किसानों से पानी के मोल जमीन खरीदकर कृषि भूमि को टुकड़ों में बेच रहे हैं।

अवैध कॉलोनी का निर्माण भी निरंतर जारी है। राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के चलते भूमाफियों का खौफव आंतक है। अवैध प्लाटिंग का कारोबार सराफा व्यापार से भी बड़ा कारोबार बन चुका है। भूमाफियाओं का आंतक और रसूख इस कदर बड़ चूका है कि शासन और प्रशासन के नुमाइंदे इनके नतमस्तक होकर इनके आगे पीछे घूमते फिर रहे है। उपपंजीयक कार्यालय सिमगा सुहेला में नियम कानून की धज्जियाँ उड़ाते हुए निसंकोच रजिस्ट्री की जा रही है। नागरिकों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक संपदा (रेरा) रायपुर कमिश्नर जिलाधीश बलौदाबाजार से अवैध प्लाटिंग को तोड़कर नष्ट कर विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की है।

# वार्ड 31 में मुख्य मार्ग को छोड़ आंतरिक हिस्सों की सड़क बदहाल, नागरिकों में बढ़ी नाराजगी



**कोरबा, 25 मई।** नागरिक सुविधाओं की बेहतरी को लेकर दावे तो जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन शहर के अंदर ही कई इलाके ऐसे हैं जहां उनकी वास्तविकता नजर आ रही हैं। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के वार्ड क्रमांक 31 खरमोरा में मुख्य मार्ग को छोड़ दिया जाए तो आंतरिक रास्ते खस्ताहाल हो गए हैं। स्थिति ऐसी है कि इसे बेहतर तो गांव की सडके हैं। लोग इस बात से नाराज है कि समस्या की जानकारी होने पर भी कॉरपोरेशन के अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि मौन है।

खरमोरा वार्ड में 6 हजार की आबादी निवासरत है। भौगोलिक रूप से यह काफी बड़ा हिस्सा है। दूसरे क्षेत्रों की तरह यहां भी नागरिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निगम की है। पानी और बिजली की व्यवस्था काफी आरसी के बाद बेहतर हो सकी है लेकिन सडक से जुड़ा हुआ मसला यहां के नागरिकों को लगातार परेशान कर रहा है। वार्ड में केवल एक हिस्से की मुख्य सडक ही सही स्थिति में है और बाकी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर। वार्ड के आंतरिक मार्गों में कई वर्ष पहले तैयार की गई मुख्य सडक पर्याप्त संरक्षण की कमी से बदहाल हो चुके हैं और अब नजारा कुछ ऐसा हो गया है कि यह कहीं कहीं पगडंडी जैसी दिख रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र से लेकर रूद्र नगर नीम चैराहा और दादर खुर्द के आंतरिक रास्ते समस्याग्रस्त है। ऐसे में दुपहिया के अलावा दूसरे वाहन सडक के दूसरे हिस्से पर ही चल रहे हैं। सडक के दोनों किनारो में व्यापक टूटने के कारण दुर्घटना होने के खतरे बने हुए हैं। नागरिकों ने बताया कि अनेक अवसर पर उन्होंने अपने स्तर पर अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की जानकारी में इस विषय को लाने का काम किया है लेकिन आश्वासन के अलावा और कोई भी काम नहीं हो सका इसलिए वार्ड के आंतरिक रास्ते जस के तस बने हुए हैं। लोगों की शिकायत अभी है कि पिछले 10 वर्ष में नगर पालिक निगम की ओर से इस क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने को लेकर किसी भी तरह से गंभीरता दिखाने में कोई रुचि नहीं ली गई।

आंतरिक मार्गों को लेकर बनी हुई समस्या वास्तव में लोगों को परेशान कर रही है मेरी ओर से इस मामले में पहल की गई थी।। जिस पर निगम ने सडक सुधार का प्रस्ताव मंजूर किया है जो लगभग 1 करोड़ का है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण मामला अटका हुआ है। आशा है कि आने वाले कुछ महीनो में इस तरफकाम होगा- अनिता सकुन्दी यादव, पार्षद वार्ड 31 औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े सभी पहलू संबंधित एजेंसी के हिस्से के हैं। इसलिए उसे इलाके में सडक विकास के कार्य डीआईसी को करने होंगे।

### डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा है समर कैम्प का आयोजन

**बालोद, 25 मई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अंतर्गत डौंडी विकासखंड के 171 प्राथमिक शाला, 82 माध्यमिक शाला एवं 33 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डी.डी.मंडले ने विभिन्न स्कूलों में आयोजित समर कैंप का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला आड़ेझर में चित्रकला विधा का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों को ग्राफ के माध्यम से अच्छी चित्रकारी करने का भी टिप्स बताया गया। जिसका आनंद शाला के बच्चों द्वारा पूरे मनोयोग से लिया गया। इस अवसर पर शिक्षक, संकुल समन्वयक तथा बीआरसीसी डौंडी उपस्थित रहे।

### शासकीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन 31 तक

**दल्लीराजहरा, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय विद्यालयों में समर केंप का आयोजन 20 मई से 31 मई तक किया जा रहा है जनपद सदस्य संजय बैंस अपने जनपद क्षेत्र के स्कूलों का निरक्षण कर बच्चो के हौसला बड़ा रहे है जनपद सदस्य संजय बैंस ग्राम पंचायत अरमुर कसा के प्राइमरी स्कूल पहुंच समर केंप का निरक्षण किया विद्यार्थी चित्रकला ध्रुमपान निषेध पर चित्रकला कर रहे थे बच्चो के साथ बैठकर जनपद सदस्य ने बच्चो को चित्रकला की विधा के बारे में भी बताकर उनकी चित्रकला की तारीफभी खूब किए उनके साथ ग्राम की सरपंच सरोज बाई बालेंद्र शिक्षा सीमित के हलघर गोरे भी उपस्थित रहे जनपद सदस्य संजय बैंस के आगमन से शिक्षको के साथ विधार्थी गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किए संजय बैंस ने बताया की शासन की सोच ग्रामीण स्तर के बच्चो के प्रतिभा को निखारना है और हमारे शिक्षक बच्चो के साथ बच्चे बनकर इनकी प्रतिभा को निखार भी रहे है इनको प्लेटफार्म मिल रहा है अभी जो प्रतिभावान छात्र छात्राएं गांव के स्कूल से जिला और प्रदेश तक अपना जौहर भी इस समर केंप के माध्यम से दिखाएंगे मैं इन सभी बच्चो के उज्वल भविष्य की शुभकमानाए देता हु इनके साथ शिक्षाविद शमशेर खान भी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार देवभोग के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403220600001**

**विषय:- अ-21**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:- 2023-2024**

**गिरसुल (प.ह.न. 00010),**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- लोहरसिंह,**
**अनावेदक पक्षकार- खिरसिंग,**

**ईश्तहार**

प्रस्तुत प्रकरण में आवेदक लोहरसिंह पिता नन्हेसिंह जाति गोंड़ आदिवासी निवासी ग्राम गिरसूल तहसील देवभोग द्वारा अपने नाम पर ग्राम गिरसूल खसरा नंबर 514 रकबा 0.96 हे. भूमि को अनावेदक खिरसिंग पिता भुवनेश्वर जाति रावत गैरआदिवासी ग्राम गिरसूल के पक्ष में विक्रय/अंतरण की अनुमति देने हेतु आवेदन छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 में निहित प्रावधानों के अनुरूप संपूर्ण जॉच कार्यवाही पूर्ण करते हुए स्पष्ट अभिमत सहित तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हस्तांतरित किया गया है।

उक्त आवेदन पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपना दावा आपत्ति ईश्तहार जारी दिनांक के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**देवभोग**

## अवैध एवं मिलावटी शराब बिक्री पर प्रशासन सतर्क, जुआ- सट्टा व अवैध महुआ शराब निर्माण पर होगी सख्त कार्रवाई

# मालवाहकों में यात्री परिवहन की होगी जांच : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 मई।** कलेक्टर के. एल. चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कानून एवं व्यवस्था सम्बन्धी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय से अवैध एवं मिलावटी शराब की बिक्री, जुआ - सट्टा, अवैध महुआ शराब निर्माण, तेज ध्वनि से डीजे बजाना, माल वाहक वाहनो में लोगों के आवागमन, वाहन फिटनेस, सडक दुर्घटना पर नियंत्रण पर जोर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे।

कलेक्टर चौहान ने कहा कि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सभी अलर्ट मोड़ पर रहें। अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारी को दें। राजस्व व पुलिस के अधिकारी स्व प्रेरणा से भी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मिलावटी शराब या स्प्रिट बिक्री बढ़ना चिंता की बात है। इसके सेवन से लोगों की मृत्यु होने की घटना भी सामने आती है जो गंभीर मामला है। स्प्रिट की बिक्री को रोकने के लिए राजस्व, आबकारी व पुलिस सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जुआ - सट्टा पर अंकुश लगाना जरूरी है।इससे शराब के अवैध बिक्री भी जुड़ा होता है। कलेक्टर ने मालवाहक वाहनों खासकर पिकअप के द्वारा लोगों को आवागमन कराने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए इस पर कार्यवाही करने के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि माल वाहक वाहनों में आवागमन को सख्ती से हतोत्साहित करें। लगातार जांच करें और ऐसे वाहनों पर कार्यवाही भी करें। इसके साथ ही बिना परमिट के चल रहे वाहनों एवं स्कूल बसों की भी जांच करें। स्कूल बसों के ड्राइवर के लाइसेंस भी चेक करें। उन्होंने डीजे की तेज आवाज से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए डीजे संचालकों की बैठक लेकर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन कराने कहा। उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने एवं ब्लैक स्पॉट के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आबादी एवं बसाहटों के आस -पास गतिसीमा बोर्ड लगवाने, ब्लैक स्पॉट पर यदि सड़क निर्माण में कोई कमी है तो संबंधित विभाग को जानकारी देने तथा सड़क किनारे के पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा सम्बन्धी वस्तुस्थिति की जाजया लेने के लिए एसडीएम एवं एसडीओपी को संयुक्त रूप से साप्ताहिक भ्रमण करने कहा।

अवैध महुआ शराब निर्माण पर होगी सख्त कार्यवाही- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने जिले में अवैध महुआ शराब निर्माण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने पर जोर देते हुए एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं आबकारी अधिकारी को विशेष अभियान चलाने कहा। उन्होंने गांव के आस- पास के नदी व तालाबों की जांच कराने कहा। इसके साथ ही सट्टा को भी जिले में पूरी तरह से बंद कराने पर जोर दिया। उन्होंने रेत के अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर भी कार्यवाही करने उप संचालक खनिज प्रशासन को दिए। उन्होंने तेज आवाज में डीजे बजाने पर नियंत्रण लाने में डीजे संचालकों की बैठक लेने तथा तेज आवाज में डीजे नहीं बजाने व समय सीमा का पालन करने का संकल्प पत्र लेने कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रोफेसर कालोनी से बाइक पार

**रायपुर, 25 मई।** प्रोफेसर कालोनी वृंदावन पैलेस के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खुबचंद साहू 39 वर्ष छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडी 4970 को प्रोफेसर कालोनी स्थित वृंदावन पैलेस के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पूर्व रंजिश पर युवक को पीटा

**रायपुर, 25 मई।** वीर शिवाजी नगर कोटा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कन्हैया गोश्वामी 19 वर्ष वीर शिवाजी नगर कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी बोदरू यादव प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 25 मई ।** कैमरा की बकाया पैसे को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजू नायक 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका लड़का करण नायक कैमरा चलाता है। कल वह होलीक्रास स्कूल के पास शक्तिनगर में कैमरा का बकाया पैसा मांगने गया था, जहां आरोपी कांता साहू, पंकज दीप व गोलू ने करण नायक से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### सरेआम शराब पीते 9 गिरफ्तार

**रायपुर, 25 मई ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने ढीमरपारा कोटा में सरेआम शराब पीते आरोपी रजत सिंह राजपूत 28 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी लक्की दीवान 30 वर्ष, शेखर यादव 30 वर्ष व नवीन दुल्हानी 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी महादेव बिहारी 35 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राकेश देवांगन 35 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी चंदु लाल देवांगन 52 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी लक्की धीवर 22 वर्ष व राजु निषाद 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 25 मई।** टिकरापारा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास एक युवक गांजा रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पोज्जा कश्यप 25 वर्ष को हिरासत में लेकर तलाशी लिए तो उसके पाथ थैला में 4 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 42 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 25 मई ।** माना एवं मंदिरहसौद पुलिस ने देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने डूमरतराई शुभम मार्ट के पास आरोपी नरेन्द्र माहेश्वरी 28 वर्ष के पास से 13 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम गोढ़ी बाजार चौक में आरोपी राजा साहू 19 वर्ष के पास से 10 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है।

### नारद जन्मोत्सव को सर्व ब्राह्मण समाज ने पत्रकार वंदन दिवस के रूप में मनाया



**रायपुर 24 मई।** सृष्टि के प्रथम संवाददाता महर्षि नारद के जन्मोत्सव को सर्व ब्राह्मण समाज ने पत्रकार वंदन दिवस के रूप में मनाया । समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में आयोजित उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा रायपुर , स्वप्निल तिवारी पिथौरा, श्याम किशोर शर्मा राजिम, रोशन स्वास्थ्य देवभोग, विक्रांत शर्मा धमतरी, नंदलाल मिश्रा बसना को कलमवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा सहित पदाधिकारी नीरज शर्मा, अशोक मिश्रा, सुमित शर्मा, अजय जोशी, मनीष मिश्रा व पदाधिकारियो ने भगवान परशुराम गमछा, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन प्रीति दीक्षित तथा आभार धनंजय शर्मा ने किया।

# आरएसएस के प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं का 2 जून को प्रकटोत्सव

## बूढ़ापारा स्टेडियम में होंगे आकर्षक कार्यक्रम

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 मई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा 2 जून को बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आकर्षक कार्यक्रम पेश किया जाएगा जिसे प्रकटोत्सव का नाम दिया गया है। रायपुर के प्रभारी महेश बिड़ला के अनुसार डूंडा स्थित एक काम्प्लेक्स में आरएसएस के कार्यकर्ताओं को शारीरिक एवं अन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरएसएस एक हिन्दूवादी संगठन है। जिसमें राष्ट्र धर्म का पाठ पढ़ाया जाता है। 19वीं शताब्दी में स्थापित आरएसएस ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ के कई अनुषांगिक संगठन है जिसमें राजनीति के क्षेत्र में भाजपा, श्रमिक एवं शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका है। वर्तमान में आरएसएस मूल संगठन है। इसके कार्यकर्ताओं की संख्या भी बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने का काम गत 20 मई से शुरू किया गया है जो कि जून के प्रथम सप्ताह तक चलेगा।नगर प्रमुख महेश बिड़ला के अनुसार भीषण गर्मी होने के कारण प्रकटोत्सव स्टेडियम में मनाया जाएगा। यह स्टेडियम वातानुकूलित होने के कारण स्वयंसेवकों के लिए अच्छा रहेगा। इस अवसर पर आम लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आरएसएस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी प्रशिक्षण लेकर चले गए हैं। संगठन के कार्यक्रम में डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना के अलावा भाजपा के कई नेता एवं मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ एक वनवासी अंचल है इसलिए आदिवासी क्षेत्रों में वनवासी आश्रम खोले गए हैं। मुख्य रूप से इन क्षेत्रों में धर्मांतरण रोकने एवं आदिवासियों को जागरूक करने के लिए यह आश्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदिवासी अंचल के युवा भी शामिल हो रहे हैं।

### कलेक्टर की तत्परता से मिला बुजुर्ग को इलाज

**रायपुर, 25 मई ।** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की तत्परता से एक बुजुर्ग का इलाज संभव हो पाया है। कलेक्टर को समाजसेवी के माध्यम से लकवाग्रस्त बुजुर्ग के बारे में जानकारी मिली। तुरंत कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आदेशित किया। इसके बाद स्वास्थ्य अमला मौके के लिए रवाना हुआ। सी मार्ट के करीब बुजुर्ग महिला नजर आई। फिर महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेश से मेकाहारा लाया गया।

## सरकार बताये,नक्सलियों से सुझाव मांगने के पहले कोई वार्तालाप हुआ क्या: कांग्रेस



**रायपुर 25 मई।** भाजपा सरकार द्वारा नक्सलियों से पुनर्वास नीति के तहत सुझाव मांगने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नक्सलवाद को लेकर सरकार दिग्भ्रमित है। सरकार को यह समझ ही नहीं आ रहा है उसे करना क्या है? अभी तक सरकार ने 5 महिने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी विश्वास, विकास, सुरक्षा की नीति को भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक वर्तमान सरकार ने नक्सलवाद को लेकर अपनी कोई नीति घोषित नहीं किया है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित किया जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे तब पुनर्वास नीति बनेगी, यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। ये अनिर्णय वाली स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल खड़ा किया सरकार बताये कि पुनर्वास नीति के लिये सुझाव मांगने से पहले सरकार की नक्सलियों से कोई वार्तालाप हुआ है क्या?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि राज्य में शांति की स्थापना होनी चाहिये। हिंसा पर विराम लगना ही चाहिये। नक्सलवाद एक संवेदनशील मसला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूलमंत्र को लेकर शांति स्थापना में महत्वपूर्ण सफलता हासिल किया था। राज्य में नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई। प्रभावित क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे विषयों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया ।

## जगदलपुर के लिए 1 जून से विमान सेवा शुरू

**रायपुर 25 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। चेंबर ने इस पहल हेतु माननीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

छत्तीसगढ़ चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून 2024 से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। पूर्व में चेंबर ने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को जगदलपुर विमान सेवा शुरू करने हेतु ज्ञापन सौंपा था ताकि घरेलू एवं अंतर्राज्यीय उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो तथा प्रदेश में बढ़ रहे हवाई यात्रियों को भी इसका लाभ मिले।

श्री पारवानी जी ने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ राज्य के दुरांचल में स्थित जगदलपुर(बस्तर) का प्रदेश एवं अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा। बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है क्योंकि जगदलपुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ है।

## मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण 28 से

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 मई।** रायपुर लोकसभा के लिए चार जून को होने वाली मतगणना के लिए रायपुर जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना अभिकर्ताओं को 28 मई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना अभिकर्ताओं को ईवीएम में मतों गणना एवं प्रत्येक चक्र के बारे में बारिकी से जानकारी दी जाएगी।

भाजपा संगठन के मुखियाओं के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शासकीय कर्मचारियों को मतगणना के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को अधिकार दिया है कि वे गणना की स्पष्टता के लिए अपने मतगणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं इसलिए अब हमारे दल द्वारा कार्यकर्ताओं को राजनीतिक अभिकर्ता बनाने के लिए जिले में फोटोयुक्त परिचय पत्र बनाने के लिए आवेदन भेज दिया गया है। रायपुर स्थित सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में रायपुर के चार दक्षिण, पश्चिम उत्तर व ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अलावा आरंग, अभनुपर और धरसींवा के मतों की गणना होगी। यह गणना सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगी इसलिए राजनीतिक मतगणना अभिकर्ताओं को सुबह 6 बजे से पहुंचना होगा। पहले डाकमतपत्रों की गणना होगी। भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के कार्यालय में राजनीतिक अभिकर्ता नियुक्त करने के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय द्वारा भी राजनीतिक मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किए गए हैं। सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज के सामने कार्यकर्ताओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रत्येक चक्र की गणना की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी जाएगी। रायपुर लोस के अंतर्गत बलौदाबाजार जिला भी आता है। यहां पर बलौदाबाजार और भाटापारा के मतों की गणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले लोकसभा क्षेत्रवार मतगणना केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य स्थितियों की समीक्षा कर रही है। आयोग के अधिकारी जिलों में जाकर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## गुणवत्ताविहीन नर्सिंग कॉलेजों का प्रवेश नहीं रोका गया तो एनएसयूआई करेगी आंदोलन: हनी बग्गा

**रायपुर 25 मई।** छत्तीसगढ़ नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल (सीजीएनआरसी) में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखा है. एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, अगर गुणवत्ताविहीन नर्सिंग महाविद्यालयों का प्रवेश नहीं रोका गया तो एनएसयूआई नर्सिंग काउंसिल के खिलाफ आंदोलन करेगा.

पत्र में कहा गया है कि पूर्व कांग्रेस सरकार की ओर से लगातार नर्सिंग महाविद्यालयों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतों के बाद संचालनालय चिकित्सा शिक्षा ने प्रदेश के सभी नर्सिंग महाविद्यालयों का नियमानुसार निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद 6 महाविद्यालयों की कमियों को इंगित करते हुए शासन को पत्र लिखा था. शासन ने भी इस पत्र पर निर्णय लेते हुए इनका प्रवेश





रोकने संचालनालय चिकित्सा शिक्षा को पिछले माह पत्र भेज दिया था.एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा ने हाल ही में इन महाविद्यालयों को नोटिस जारी की थी, लेकिन छत्तीसगढ़ नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल (सीजीएनआरसी) एवं आयुष विश्वविद्यालय इन सभी महाविद्यालयों का निरीक्षण कर प्रवेश देने की तैयारी कर रहे हैं. चिकित्सा शिक्षा विभाग की यह गतिविधि साफ-साफ यह दिखाता है कि नर्सिंग महाविद्यालय के निरीक्षण और मान्यता में नर्सिंग काउंसिल में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है. अमानक महाविद्यालयों को मान्यता देकर विद्यार्थियों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. अगर गुणवत्ताविहीन नर्सिंग महाविद्यालयों का प्रवेश नहीं रोका गया तो एनएसयूआई नर्सिंग काउंसिल के खिलाफ आंदोलन करेगा।

## चेंबर प्रतिनिधि मंडल जीएसटी आयुक्त से मिला



**रायपुर 25 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त माननीय श्री रजत बंसल जी से मुलाकात कर राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वतः रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। जिस पर जीएसटी आयुक्त माननीय श्री रजत बंसल जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अचानक किये गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है ।

श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि जीएसटी व्यवस्था भारत में अप्रत्यक्ष कर संरचना को सुव्यवस्थित करने के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख सुधार है। हालाँकि, इसके कार्यान्वयन के बाद शुरुआती वर्षों में, व्यापारियों और अधिकारियों दोनों के सामने कई चुनौतियाँ थीं। नए अधिनियम की जटिलता, पोर्टल की अनभिज्ञता के साथ, अनजाने में त्रुटियां और अनुपालन में देरी हुई ।

### 250 लोगों ने किए योगासन और प्राणायाम



**रायपुर, 25 मई ।** द योग इंस्टीट्यूट ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। शिविर का शुभारंभ गुरु माँ हँसा जी के मार्गदर्शन एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस शिविर में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से योग का अभ्यास करें। इंस्टीट्यूट के रायपुर शाखा के संचालक योगाचार्य मंजीत स्थापक ने लोगों को कॉमन योग प्रोटोकाल के तहत 1 घंटे में सुखआसन, हस्तपादासन, वृक्षासन, पश्चिमोत्तानासन, शशांक आसन, मकरासन, शलभासन, भुजंगासन के साथ ही शवासन कराया।

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ किया: किरण देव

**रायपुर 25 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस कथन का तीखा प्रतिकार करते हुए न्यायालय की खुली अवहेलना करार दिया है, जिसमें ममता बनर्जी यह कहती नजर आ रही हैं कि मैं कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करूंगी, बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देना नहीं छोड़ूंगी।卐 श्री देव ने आरक्षण को लेकर दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले के बाद बनर्जी के वायरल हुए वीडियो का हवाला देकर कहा कि ममता बनर्जी का कथन न केवल संविधान की आत्मा को लहूलुहान करने वाला है, अपितु इससे यह भी एकदम साफ हो गया है कि संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा प्रचार करके कांग्रेस और भाजपा विरोधी दल देश को भ्रमित करने का शर्मनाक कृत्य कर रहे हैं।

आवश्कता है
शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।
संपर्क करें -98261 74789

## पत्रकारों की पॉलिटिकल लाइन होनी चाहिए, पार्टी लाइन नहीं: बलदेव शर्मा

**पत्रकारों को बेहतर कार्य करना चाहिए: मिश्र**




**रायपुर 25 मई।** स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन, रायपुर प्रेस क्लब में नारद जयंती के अवसर पर मौजदा दौर की पत्रकारिता पर विमर्श किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पत्रिका के स्थानीय संपादक प्रदीप जोशी, न्यूज 24 व लल्लूराम डॉट कॉम के संपादक मनोज बघेल एवं वरिष्ठ फोटो पत्रकार श्री विनय शर्मा मौजूद रहे।

इस मौके पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में मौजूदा पत्रकारिता की चुनौतियों और संभावनाओं के साथ ही एक पत्रकार के रुप में नारद की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा मौजूदा दौर में सूचनाओं की भीड़ में सही-गलत खबर को जानना- समझना सबसे बड़ी चुनौती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. बलदेव भाई शर्मा ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता के मूल्यों की बातें की। उन्होंने कहा, मैंने पत्रकारिता में चार आदर्श सीखे हैं, सज्जनता, निर्भयता, सत्यान्वेषण और मानवीय संवेदना। श्री शर्मा ने ने याद करते हुए बताया कि उनकी पत्रकारिता रायपुर से ही शुरू हुई और उन्होंने उस दौर में पत्रकारिता सीखी जब आपको पत्रकारिता में परिपक्व और कुशल बनाने के लिए आपका लिखा फाड़कर कूड़े में डाल दिया जाता था, महीनों-महीनों प्रूफ रीडिंग का काम दिया जाता था। वे कहते हैं, पत्रकारिता जीवन का संस्कार है, दृष्टि है। सभी पत्रकार समाज के विनम्र सेवक हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पत्रकार की पॉलिटिकल लाइन होनी चाहिए, पार्टी लाइन नहीं। पत्रकारिता के माध्यम से ऐसा सच बोलना, लिखना, दिखाना चाहिए जो जनहितकारी हो।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनोज बघेल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज सूचनाओं का बेतहाशा प्रवाह है। कई बार भ्रांतियां फैलती हैं। व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की सूचनाओं को परखने की आवश्यकता है न कि सीधे भरोसा करने की। पत्रिका के स्थानीय संपादक प्रदीप जोशी ने अखबार की पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया तो लगा कि प्रिंट मीडिया अब समाप्त हो जाएगा लेकिन आज हम सोशल मीडिया के युग में हैं। सोशल मीडिया में कोई सूचना, जानकारी या लेख टाइमलाइन में गायब हो जाती हैं, लोगों को स्कॉल कर-कर के ढूंढना पड़ता है, लेकिन अखबार सुबह से शाम तक टेबल पर रहता है और कोर्ट में जरुर दस्तावेज के तौर पर आज भी प्रासंगिक है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकार कुल है जिसे अपने हित के लिए बेहतर कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार जताते हुए महासचिव वैभव शिव पांडे ने कहा आज पत्रकारिता में वरिष्ठों और नए पत्रकारों के बीच की खाई कम करना भी आवश्यक है, ताकि नयी पीढ़ी पत्रकारिता के अनुभव उनसे सीख सके और रायपुर प्रेस क्लब वरिष्ठ पत्रकारों का मार्गदर्शन लेने ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करेगा।

इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, कार्यकारिणी सदस्य भावना झा, नदीम मेनन, पराग मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26